हरिभूमि
# रायपुर भूमि



- भोरमदेव के ऐतिहासिक मंदिर में प्री वेडिंग फोटोशूट बैन, नहीं खींच सकते आपत्तिजनक मुद्रा में तस्वीरें
- रायपुर के हाटकेश्वरनाथ मंदिर में लाउड स्पीकर के जरिए वस्त्र संबंधित दिशा-निर्देश
- बूढ़ापारा गणेश मंदिर सहित कई स्थानों में चिपकाए गए नोटिस

## रील्स से परेशान 'देवालय'... मंदिरों में प्रवेश मर्यादित वस्त्रों में ही, फोटो-वीडियो प्रतिबंधित, ऐसा पहली बार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

इंस्टाग्राम रिल्स सहित सोशल साइट्स पर चल रहे दिखावे के ट्रेंड से अब देवालय भी त्रस्त हो गए हैं। प्रदेश के मंदिरों में पहली बार इस तरह की स्थिति निर्मित हो गई है, जब भक्तों को लाउड स्पीकर के जरिए ड्रेसकोड को लेकर दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। फोटो खींचने, वीडियो बनाने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। राजधानी के महादेवघाट स्थित हाटकेश्वरनाथ में 2025 के दिसंबर माह से यह व्यवस्था की गई है। बूढ़ापारा स्थित गणेश मंदिर सहित कई स्थानों पर मुख्यद्वार के बाहर यह नोटिस चस्पा कर दिया गया है। इसमें भक्तों से गुजारिश की गई है कि वे मर्यादित वस्त्रों में ही मंदिर के भीतर प्रवेश करें और शालीनता बनाए रखें। ना केवल राजधानी रायपुर के मंदिरों बल्कि प्रदेश के अन्य जिलों में भी इस तरह के नियम-कायदे लागू किए जा रहे हैं। धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टिकोण से प्रसिद्ध भोरमदेव मंदिर में वीडियोग्राफी पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया गया है। यहां के प्राचीन दीवारों और दृश्यों के कारण लोग यहां बड़ी संख्या में वेडिंग फोटोशूट के लिए पहुंच रहे थे। पूजा-अर्चना के मध्य ही वे शूट संबंधित कार्य प्रारंभ कर देते थे। बिगड़ रहे हालातों को देखते हुए प्रबंधन को यह कदम उठाना पड़ा।

### लाउडस्पीकर के जरिए निवेदन

लाउडस्पीकर के माध्यम से हम भक्तों से शालीन कपड़े पहनने निवेदन कर रहे हैं। लगभग माहभर पहले हमने यह व्यवस्था प्रारंभ की थी।

- पं.सुरेशगिरी गोस्वामी
हाटकेश्वरनाथ मंदिर, महादेव घाट

### प्रतिष्ठित मंदिरों में पहले ही ड्रेस कोड

*उज्जैन के महाकालेश्वर सहित देशभर के कई प्रतिष्ठित मंदिरों में पहले से ही ड्रेस कोड लागू है। यहां मंदिरों को पारंपरिक परिधानों में ही गर्भगृह में प्रवेश की पात्रता होती है। पारंपरिक परिधानों में भी शालीनता बरतने निर्देश होते हैं। छत्तीसगढ़ के मंदिरों में विशेष ड्रेसकोड लागू नहीं है, लेकिन वस्त्रों को लेकर सामान्य दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। विभिन्न मंदिर प्रबंधन का कहना है कि रिल्स बनाने के लिए जिस तरह के वस्त्र पहनकर युवा आते हैं, वो आपत्तिजनक होता है। वीडियो बनाने, फोटो खिंचवाने सहित इस तरह के अन्य कार्यों से आराधना बाधित होती है। इसके अलावा बड़ी संख्या उस वर्ग के युवाओं की भी है, जो रिल्स या फोटो-वीडियो के लिए मंदिर नहीं आते हैं, लेकिन फिर भी वस्त्रों के चुनाव में शालीनता नहीं बरतते हैं।*

### शिकायतों के बाद व्यवस्था


*भक्तजनों से निरंतर शिकायत प्राप्त हो रही थी। इस तरह का चलन हमारी संस्कृति पर कुठाराघात है। हमने मंदिर प्रांगण में प्री वेडिंग फोटोशूट सहित रील्स आदि पर प्रतिबंध लगा दिया है।*

*- पं.आशीष शास्त्री, भोरमदेव मंदिर*

## बेहद खतरनाक, वीडियो बनाने बच्चों ने स्कूल में लहराया चाकू, सोशल मीडिया में खलबली

### पंडरी पुलिस ने परिजनों को थाना बुलाकर की पूछताछ

चाकू लहराने वाले छात्र 11-12वीं में पढ़ने वाले, सोशल मीडिया में जमकर हो रहा वीडियो वायरल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंडरी थाना क्षेत्र के मोवा में संचालित स्वामी आत्मानंद स्कूल का एक हैरान करने वाला वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में छात्र क्लास रूम के अंदर खुलेआम चाकू लहराकर नाचते हुए दिख रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद छात्रों के परिजनों को पुलिस ने थाने बुलाकर पूछताछ की और उन्हें समझाइश दी है।

वायरल वीडियो में जैसा दिख रहा है, एक लड़का अपने हाथ में चाकू लहराते हुए खड़े होकर नाच रहा है। इसके बाद एक अन्य लड़का चाकू को घोंपने की स्टाइल में लहराने लगा। इसी दौरान एक अन्य लड़का बेंच में खड़े होकर चाकू ऊपर उठाकर गोल-गोल हाथ से लहरा रहा है। इस दौरान पीछे की बेंच से एक अन्य लड़का चाकू लहराने लगता है। छात्र जब चाकू लहरा रहे होते हैं, इस दौरान क्लास रूम में अन्य बच्चे चुपचाप सिर झुकाए पढ़ाई करते दिख रहे हैं। वायरल वीडियो में क्लास रूम में 20-25 छात्रों के होने की बात सामने आई है।

### ऐसा कृत्य अमान्य

किसी भी स्तर पर ऐसा कृत्य मान्य नहीं है। संस्था स्तर पर जो भी अनुशासनात्मक कार्रवाई उचित होगी, की जाएगी।

- हिमांशु भारतीय
जिला शिक्षा अधिकारी, रायपुर

### रील बनाने के उद्देश्य से चाकू लहराया

बच्चों के परिजनों से प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक स्कूल में चाकू लहराने वाले छात्र रील बनाने के उद्देश्य से चाकू लहरा रहे थे। सोशल मीडिया में व्यू पाने इस तरह स्कूल परिसर में चाकू लहराए जाने की घटना को जानकार काफी गंभीर बताते हुए छात्रों के खिलाफ स्कूल प्रबंधन द्वारा सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का सुझाव दिया है।

### सुरक्षा पर गंभीर सवाल

छात्रों द्वारा अपने बैग में चाकू लेकर क्लासरूम में जाना और चाकू लहराए जाने की घटना से स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों की सुरक्षा पर सवालिया निशान लग रहे हैं। इसके साथ ही सोशल मीडिया में चाकू लहराए जाने का वीडियो वायरल होने के बाद स्कूल प्रबंधन को इस बात की जानकारी न मिलना स्कूल प्रबंधन की सजगता पर सवालिया निशान है।

### घटना के समय स्कूल में केवल छात्र थे

क्लासरूम के अंदर छात्र जब चाकू लहरा रहे थे, उस दौरान क्लासरूम के अंदर कोई भी शिक्षक नहीं था। क्लासरूम में केवल पढ़ने वाले छात्र थे। बताया जा रहा है, चाकू लहराने वाले छात्रों के डर से स्कूल के किसी भी छात्र ने स्कूल के प्रिंसिपल, टीचर के पास चाकू लहराए जाने की शिकायत नहीं की। उल्लेखनीय है कि स्कूल में सीसीटीवी कैमरे लगे होने के बाद भी स्कूल प्रबंधन को स्कूल में चाकू लहराए जाने की घटना की जानकारी नहीं मिलना स्कूल प्रबंधन की सजगता की पोल खोल रहा है।

### रेलवे ओवरब्रिज पर गर्डर चढ़ाने का काम पूरा

## खम्हारडीह-कचना का कष्ट एक माह और 2 लाख की आबादी को जाम से मिलेगी मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

खम्हारडीह-कचना के आसपास के रहवासियों को जल्द ही रेलवे क्रासिंग के पास लगने वाले जाम तथा धूल से राहत मिलने वाली है। खम्हारडीह रेलवे ओवरब्रिज के लिए गर्डर तथा स्लैब चढ़ाने का काम गुरुवार को पूरा कर लिया गया है। गर्डर तथा स्लैब चढ़ाने का काम कंपलीट होने के बाद अब डामरीकरण तथा अन्य कार्य पूरा किया जाएगा। इसके बाद रेलवे ओवरब्रिज को आम लोगों के लिए खोला जाएगा। रेलवे ओवरब्रिज चालू होने के लिए मार्च का अंतिम सप्ताह निर्धारित किया गया है।

खम्हारडीह-कचना रेलवे क्रासिंग में ट्रैफिक के बढ़ते दबाव को देखते हुए वर्ष 2023 में रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कराने का निर्णय लिया गया था। निर्माण लागत 39 करोड़ रुपए आंकी गई थी। निर्माण ठेका 35.34 करोड़ रुपए में दिया गया। रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण 23 सितंबर 2023 को शुरू किया गया। रेलवे के हिस्सा में गर्डर तथा स्लैब चढ़ाने रेलवे से अनुमति मिलने में देर होने से काम छह महीने रुका रहा। इसके कारण रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्य छह महीने देर से चल रहा है। गर्डर तथा स्लैब चढ़ाने का काम पूरा होने के बाद अन्य शेष कार्य जल्द कंपलीट होने का दावा पीडब्लूडी के अफसर कर रहे हैं।

रेलवे पटरी के आसपास की कालोनी वालों के लिए बनेगा अंडरब्रिज



### आरओबी के बाद बनेगा अंडरब्रिज

*खम्हारडीह-कचना मार्ग में आरओबी का काम कंपलीट होने के बाद जल्द ही रेलवे की गति शक्ति रेलवे अंडरब्रिज निर्माण कराएगी। रेलवे अंडरब्रिज बनाने के लिए 14 कोरड़ रुपए में ठेका दिया गया है। रेलवे अफसरों के अनुसार रेलवे ट्रैक के करीब रहने वाले लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अंडरब्रिज का निर्माण कराया जा रहा है।*

### दो लाख से ज्यादा की आबादी को मिलेगी राहत

खम्हारडीह रेलवे ओवरब्रिज के चालू होने पर दो लाख से ज्यादा आबादी को राहत मिलेगी। कचना तथा खम्हारडीह क्षेत्र में एक दर्जन से ज्यादा कालोनी विकसित हो गई हैं, साथ ही कई नई कालोनियां विकसित हो रही हैं। खम्हारडीह रेलवे ओवरब्रिज के चालू होने के बाद पुराना विधानसभा मार्ग में ट्रैफिक का दबाव कम होगा। साथ ही अशोका रतन मार्ग स्थित रेलवे ओवरब्रिज में ट्रैफिक का दबाव कम होगा। ▶▶| शेष पेज 13 पर

### आरओबी की लंबाई, चौड़ाई इतनी है

खम्हारडीह-कचना रेलवे ओवरब्रिज 871 मीटर लंबा, 12 मीटर चौड़ा है। तीन लेन के ओवरब्रिज पर सड़क निर्माण किया जाएगा। वर्तमान में सड़क पर गिट्टी बिछाने का काम पूरा कर लिया गया है और केवल डामरीकरण का काम ही शेष है। इसे 10 दिन के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। सड़क निर्माण पूरा होने के साथ ही ओवरब्रिज पर फिनिशिंग का काम किया जाएगा। इसमें करीब एक ▶▶| शेष पेज 13 पर

### ओवरब्रिज का काम मार्च के अंत तक

रेलवे से ब्लॉक की अनुमति मिलने के बाद बुधवार को पीडब्लूडी के इंजीनियरों की देख रेख में गर्डर चढ़ाने का काम पूरा कर लिया गया है। गर्डर चढ़ाने के बाद अब सड़क का डामरीकरण किया जाएगा। ओवरब्रिज का काम मार्च के अंत तक पूरी होने की संभावना है। इसके बाद इसे आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा।

- **एसके कोरी**, सीई ब्रिज लोक निर्माण विभाग रायपुर

## खबर संक्षेप

### रेलवे की परीक्षा देने आया ट्रेन से गिरकर की मौत

**रायपुर।** ओडिशा, बलांगीर से रेलवे की परीक्षा देने आए एक युवक की चलती ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार जयराम मांझी (21) बुधवार को रायपुर रेलवे स्टेशन से शाम 4 बजे रायपुर से अभनपुर का टिकट लिया था, टिकट मृतक की जेब में मिला है। मृतक के चाचा छबिलाल ने पुलिस को बताया कि बलांगीर से रेलवे की परीक्षा दिलाने उसका भतीजा रायपुर आया था। सेंटर कलिंगा यूनिवर्सिटी में था। जयराम सीबीडी रेल्वे स्टेशन पर नहीं उतर पाया। और ट्रेन अभनपुर की ओर आगे बढ़ने लगी। तब जल्दबाजी में उतरते समय ट्रेन से गिरकर जयराम की मौत हो गई।

### बैग में मिला गांजा आरोपी युवक गिरफ्तार



**रायपुर।** पुरानी बस्ती पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक के कब्जे से सवा तीन किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने पुरानी बस्ती निवासी सुजल पंसारी के कब्जे से गांजा बरामद किया है। सुजल महाराजबंध तलाब के पास गांजा बिक्री करने के लिए ग्राहक तलाश रहा था। इस दौरान मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने उसकी बैग की तलाशी ली तो बैग में गांजा मिला। आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## पश्चिमी विक्षोभ गुजरा, अब उत्तरी हवा गिराएगी पारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोगों को रात में हल्की ठंड फिर से महसूस होगी। ऐसा इसलिए क्योंकि पश्चिमी विक्षोभ गुजर गया है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रदेश में प्रवेश करने के बाद न्यूनतम तापमान में वृद्धि हुई थी। विक्षोभ के गुजरते ही उत्तरी हवा का प्रवेश होगा। उत्तरी हवा के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट आएगी। तापमान में यह कमी ▶▶| शेष पेज 13 पर

*राजधानी में पंजीकृत 15 में से सात लाख गाड़ियों में लग चुका है एचएसआरपी*

## जिन गाड़ियों में एचएसआरपी नहीं, उन वाहन मालिकों से मौके पर भराए जाएंगे फार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- परिवहन तथा ट्रैफिक पुलिस मिलकर चलाएंगे अभियान

पुलिस कमिश्नर के आदेश पर ट्रैफिक पुलिस परिवहन विभाग के अफसरों के साथ मिलकर एक बार फिर से हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने अभियान चलाएगी। पुलिस कमिश्नर द्वारा जारी आदेश के मुताबिक शहर में अपराधिक घटनाओं में अपराधियों द्वारा वाहनों में नंबर प्लेट बदलकर या बिना नंबर के वाहनों का उपयोग कर अपराधों को अंजाम दे रहे हैं, साथ ही बिना एचएसआरपी नंबर वाले प्लेट लगाने से वाहनों की पतासाजी में कठिनाई होती है। शहर में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को मजबूत करने तथा अपराधियों की त्वरित पतासाजी के लिए पुलिस कमिश्नर ▶▶| शेष पेज 13 पर



### अपराधी फायदा उठाते हैं

गाड़ी नंबर सही नही होने पर अपराधी उसका फायदा उठाते है। एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाये जाने से वाहन मालिकों को लाभ होगा। उनके वाहन नंबर का कोई दुरूपयोग नही कर सकेगा। वाहनों में सुरक्षा सुनिश्चित करने व वाहन चालकों को सजग रखने हेतु परिवहन विभाग के साथ शहर के विभिन्न स्थानों पर यातायात पुलिस संयुक्त रूप वाहनों के एचएसआरपी नंबर प्लेट की जांच अभियान चलाएगी।

### आपराधिक घटना रोकने एचएसआरपी

हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट एक विशेष नंबर प्लेट है जिसे वाहनों की सुरक्षा और वाहन पहचान से जुड़े अपराधों को रोकने के लिए डिजाइन किया गया है। एचएसआरपी में विशिष्ट पहचान संख्या और क्रोमियम होलोग्राम और इम्पॉस्ड नंबर रहता है। एक अप्रैल 2019 के बाद से सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एचएसआरपी लगाने आदेश जारी किया गया है। एचएसआरपी नंबर प्लेट में किसी तरह से छेड़खानी करना संभव नहीं है। नंबर प्लेट में छेड़खानी नहीं होने पर अपराधी आपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर जिस गाड़ी से भागेंगे, पुलिस उक्त गाड़ी के नंबर प्लेट के आधार पर आरोपियों कीआसानी से पहचान कर सकती है।

## 5वें दिन भी बंद रहा सर्वर, शाम 6 बजे के बाद सुधरा पर बंट नहीं पाया दो माह का चावल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 5वें दिन भी बंद रहा सर्वर, शाम 6 बजे के बाद सुधरा पर बंट नहीं पाया दो माह का चावल

सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत उचित मूल्य की दुकानों में पांचवें दिन भी सर्वर बंद होने के कारण दिनभर खाद्यान्न बंट नहीं पाया। शाम 6 बजे के बाद सर्वर में सुधार आया भी तो दो माह का एक साथ चावल बंट नहीं पाया, क्योंकि ऑनलाइन आवंटन में एक माह का चावल ही दिखा रहा था, जिसके कारण जितने कार्ड धारकों को चावल बांटा गया, उन्हें सिर्फ फरवरी का ही मिला है, जबकि राज्य सरकार ने फरवरी और मार्च दोनों महीने का चावल एक साथ बांटने का आदेश जारी किया है। इधर राशन दुकान संचालकों ने हरिभूमि से बातचीत में बताया कि ऑनलाइन आवंटन ▶▶| शेष पेज 13 पर

### कार्ड धारक-दुकान संचालक असमंजस की स्थिति में

शासन ने दो माह का एक साथ चावल बांटने का आदेश जारी किया है, वहीं ऑनलाइन आवंटन में गुरुवार को एक माह का चावल ही शो कर रहा है। ऐसे में कार्ड धारक और दुकान संचालक दोनों असमंजस की स्थिति में है। कार्ड धारक यह सोचकर चावल नहीं ले रहा है, कि कहीं एक माह का लेने के बाद दूसरे महीने का चावल लैब्स नहीं हो जाए, वहीं कई दुकान संचालक भी एक माह का चावल शो करने के कारण चावल बांटना शुरू नहीं किए हैं। दुकान संचालकों को भय है कि बिना आदेश के कहीं एक माह का चावल बांट दिए तो उनके विरुद्ध कार्रवाई न हो जाए। हालांकि इस असमंजस की स्थिति के बावजूद कुछ दुकान संचालकों ने चावल बांटा और कई कार्ड धारक लेने भी लगे हैं।

### मंदिर हसौद नान गोदाम में गाड़ियों का टोटा, इसलिए दुकानों में आपूर्ति नहीं

इधर राशन दुकानों में नागरिक आपूर्ति निगम के मंदिर हसौद गोदाम से चावल वितरण में भी बड़ी लापरवाही बरती जा रही है। गोदाम से राशन दुकानों में चावल की आपूर्ति के लिए होरा एजेंसी को ठेका दिया गया है, लेकिन एजेंसी द्वारा पिछले 4 दिनों से बड़ी गाड़ियां उपलब्ध ही नहीं कराई गई है, जिसके कारण राशन दुकानों में चावल का वितरण भी नहीं हो पाया है। इस मामले में गोदाम प्रभारी संगीता सिंह ने बताया कि इसमें हमारी गलती नहीं है। गोदाम में पहले चावल का स्टॉक नहीं था, लेकिन दो-तीन दिनों से स्टॉक आना शुरू हो गया है। स्टॉक आया है तो बड़ी गाड़ी उपलब्ध नहीं हो पाई, जिसके कारण दुकानों में आपूर्ति कराने में विलंब हुआ है। उन्होंने बताया कि बड़ी गाड़ी आज से आनी शुरू हुई है, जिसमें चावल लोडिंग कराकर राशन दुकानों में भेजा जाएगा।

### कमिश्नरेट की नई बिल्डिंग बनने तक अफसरों के कार्यालय में कोर्ट की व्यवस्था की जाएगी

## पुलिस कमिश्नरेट के नार्थ, सेंट्रल जोन के अफसरों को मिली जगह, वेस्ट के लिए कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली शुरू होने के 13 दिन बाद पुलिस कमिश्नरेट के दो जोन के डीसीपी तथा अन्य पुलिस अफसरों के कार्यालय के लिए स्थान मिल गया है। पश्चिम जोन के लिए खेल विभाग के खेल परिसर को डीसीपी के साथ अन्य पुलिस अफसरों के लिए ऑफिस बनाने की तैयारी है। ऑफिस लेने की प्रक्रिया पूरी करने में पांच से छह दिन का समय लग सकता है। रायपुर वेस्ट के डीसीपी का कार्यालय फिलहाल अस्थायी तौर पर आमानाका थाना के ऊपरी मंजिल में संचालित हो रहा है। रायपुर नॉर्थ जोन के डीसीपी मयंक गुर्जर के कार्यालय के लिए जगह पुराना पीएचक्यू के एसआईबी बिल्डिंग में दी गयी है। पुराना पीएचक्यू के एसआईबी बिल्डिंग में डीसीपी के अलावा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आकाश मरकाम का कार्यालय संचालित होगा। सहायक पुलिस आयुक्त उरला का ▶▶| शेष पेज 13 पर



### सेंट्रल जोन, क्राइम ब्रांच के अफसरों का पता सी-4 बिल्डिंग

पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद से ही रायपुर सेंट्रल जोन तथा क्राइम के डीसीपी के लिए सिविल लाइंस थाना परिसर के सी-4 बिल्डिंग में ऑफिस संचालित किए जाने की संभावना व्यक्त की जा रही थी। संभावनाओं के अनुसार रायपुर सेंट्रल के डीसीपी उमेश प्रसाद गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त तारकेश्वर पटेल के कार्यालय सी-4 बिल्डिंग में संचालित हो रहा है। सहायक पुलिस आयुक्त का कार्यालय सिविल लाइंस तथा कोतवाली थाना परिसर में संचालित हो रहा है।

### इन दो पुलिस अफसरों का कार्यालय खेल परिसर में होगा

पुलिस कमिश्नरेट के रायपुर पश्चिम जोन के डीसीपी संदीप पटेल, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आकाश मरकाम के लिए अभी तक अधिकारिक तौर पर घोषणा नहीं की गई है। पुलिस कमिश्नरेट के अलग-अलग अफसरों से बात करने पर उन लोगों ने बताया है कि उन लोगों ने रायपुर पश्चिम के डीसीपी तथा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त के ऑफिस के लिए खेल विभाग के खेल परिसर स्थित बिल्डिंग को देखा है। खेल विभाग की बिल्डिंग को रायपुर पश्चिम डीसीपी के कार्यालय के लिए देने शासन से मांग की है। इसका जल्द ही शासन स्तर पर निर्णय लेकर रायपुर ▶▶| शेष पेज 13 पर

**खबर संक्षेप**

### शिवजी प्रतिमा की स्थापना के लिए 7 को कलशयात्रा

**अभनपुर।** महेश नगर कॉलोनी अभनपुर मे शिवजी मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 7 से 9 फरवरी तक रखा गया है। आयोजको ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ कलश यात्रा,वेदी पूजन के साथ होगा वही 8 को गर्भ निर्माण,पंच अधिवास तथा 9 फरवरी को प्राण प्रतिष्ठा पूजन,पूर्णाहुति यज्ञ व महाप्रसादी के साथ संपन्न होगा।

### एक्सपोज़र विजिट में छात्राओं ने किया अहमदाबाद भ्रमण

**कूंरा।** पीएम श्री स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुँरा में 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले हिंदी माध्यम से किरण कौशिक ,गणित की छात्रा एवम अंग्रेजी माध्यम से बायो की छात्रा, जाह्नवी वर्मा ने एक्सपोज़र विजिट के अंतर्गत इसरो अहमदाबाद का भ्रमण किया। संस्था की प्राचार्य सुजाता बहल ने बताया की इस भ्रमण में जिला के 12 पी एम श्री विद्यालयों के कुल 23 बच्चे एवम 12 शिक्षको ने 27 जनवरी से 31 जनवरी तक अहमदाबाद के भ्रमण पर गए थे। यह पहला अवसर था जब बच्चें अपने राज्य से बाहर इसरो जैसी प्रतिष्टित संस्था का अवलोकन किया, साथ ही उन्हें साइंस सिटी, अक्षरधाम मंदिर, अटल ब्रिज, कांकरिया झील देखने का अवसर भी मिला। यह उन्हें भविष्य में कॅरियर के चयन में दिशा निर्देश देगा एवम देश के लिए एक उपयोगी नागरिक के रूप में तैयार करेगा। संस्था की किरण कौशिक ने पहली बार रेल यात्रा की जो कि उसके लिए एक सुखद अनुभव था।

### माशिमं की हेल्पलाइन प्रारंभ विद्यार्थियों को मिला संबल

**आरंग।** माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा 2026 को ध्यान में रखते हुए 5 से 18 फरवरी तक विशेष हेल्पलाइन प्रोग्राम की शुरुआत की गई है। इस कार्यक्रम में शासकीय उच्च माध्यमिक शाला गोढ़ी (आरंग) सहित जिले के अन्य विद्यालयों के व्याख्याताओं ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। हेल्पलाइन के माध्यम से विद्यार्थी, शिक्षक एवं अभिभावक प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक मंडल के टोल-फ्री नंबर 18002334363 पर संपर्क कर परीक्षा से जुड़ी अपनी शैक्षणिक व मानसिक समस्याओं का समाधान प्राप्त कर रहे हैं। कार्यक्रम के प्रथम दिवस विषय विशेषज्ञों की उपस्थिति रही, जिसमें रसायन विषय से सुनीता पांडेय (व्याख्याता शासकीय उच्च मा. विद्यालय गोढ़ी), जीव विज्ञान से डॉ. माधुरी बोरकर, अंग्रेज़ी से अंशु गुलाटी, मनोवैज्ञानिक टूमन देवांगन तथा मनोचिकित्सक अरुणा जैन शामिल रहीं। गरियाबंद, बेमेतरा, धमतरी, जांजगीर-चांपा, रायपुर, बलौदाबाजार, कबीरधाम, बिलासपुर एवं रायगढ़ जिलों से विद्यार्थियों व अभिभावकों ने फोन कर अपनी जिज्ञासाएँ रखीं। छात्रों ने रसायन के समीकरण याद करने की विधि, परीक्षा की घबराहट, पैनिक की स्थिति, सेजस स्कूल में प्रवेश प्रक्रिया, प्रवेश पत्र संबंधी समस्या, संभावित प्रश्नों, बोनस अंक तथा उत्तर लिखने की अनिवार्यता जैसे कई महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने सहज और व्यावहारिक समाधान बताया।

# मेहनतकश पटेल मरार समाज शिक्षा व एकता से स्वयं को संवारे : गुरु खुशवंत

## शाकंभरी महोत्सव में समाज के बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग



पटेल मरार समाज आरंग नगर के तत्वावधान में शाकंभरी महोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माता शाकंभरी की एवं श्रीरामचंद्र जी की पूजा-अर्चना व आरती से की गई। नगर के सामाजिक बंधुओं द्वारा घर-घर से लाई गई ताज़ी सब्जियाँ—गोभी, बैंगन, मूली, नवलगोल, टमाटर, धनिया, मेथी एवं श्रीफल—माता शाकंभरी को चढ़ाई गईं।

कार्यक्रम में बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक गीत-नृत्य प्रस्तुत किए गए, जिसमें समस्त बच्चों को समाज द्वारा पुरस्कृत किया गया। शाकंभरी महोत्सव में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने आयोजन पर बधाई देते हुए मरार समाज को मेहनतकश बताते हुए समाज की एकजुटता और संगठन को मजबूत बनाए रखने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि विशेषर पटेल, अध्यक्ष गौ सेवा आयोग छत्तीसगढ़ शासन, ने कहा कि गौ-पालन से जुड़कर कृषि में समृद्धि लाई जा सकती है तथा परिवार को स्वस्थ और निरोग बनाया जा सकता है। ध्रुवकुमार मिर्धा, अध्यक्ष चर्म शिल्पकार बोर्ड एवं डॉ. संदीप जैन, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, ने पटेल समाज आरंग को इस आयोजन पर बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता रविसुदन पटेल, अध्यक्ष पटेल समाज आरंग परिक्षेत्र, ने की। इस अवसर पर शाकंभरी सेवा समिति छ.ग. द्वारा निःशुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के 7 सदस्यों ने रक्तदान किया। अतिथियों द्वारा सभी रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र के साथ हेलमेट प्रदान कर रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता के.के. भारद्वाज, रानी पटेल (पूर्व जिला पंचायत सदस्य), गणेश साहू अध्यक्ष वृत्ताकार साख सहकारी समिति, पार्षद ईश्वर पटेल, संतोष लोधी, पार्षद प्रतिनिधि राकेश शर्मा, राकेश सोनकर, विक्रम परमार, तोषण साहू, सुनीता विधायक धुरंधर, बेदराम खुंटे, दिलीप जलक्षत्री, चेतन जलक्षत्री, श्री बागेश्वर धाम गौ सेवा समिति के सदस्य डॉ. तेजराम जलक्षत्री, राहुल जोशी, संदीप शर्मा, पीपला वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष दुजे राम धीवर एवं उत्कृष्ट शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल उपस्थित थे। समाज की ओर से टिन शेड की मांग किए जाने पर मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब ने शीघ्र पूर्ण करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों का नगर पटेल मरार समाज के अध्यक्ष गोपाल पटेल, सचिव होरीलाल पटेल, उपाध्यक्ष विनय पटेल, कोषाध्यक्ष हेमलाल पटेल, सहसचिव अरविंद पटेल, प्रदीप पटेल, ईश्वर पटेल, केजूराम पटेल द्वारा स्मृति-चिह्न एवं सब्जी की टोकरी भेंट कर सम्मान किया गया।

## पीसीसी अध्यक्ष का तिवरैया में मनरेगा श्रमिकों ने किया सम्मान स्वागत

# मनरेगा को कमजोर करना ग्रामीण व गरीबों को अधिकार छीनना है : बैज



**कूंरा/सिलयारी ।** मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत कवर्धा कलेक्टर घेराव कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जाते समय प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज का धरसींवा के तिरैया में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष वर्मा के नेतृत्व में भव्य और ऐतिहासिक स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं, किसानों, महिलाओं, युवाओं और आसपास के ग्राम पंचायतों से बड़ी संख्या में पहुँचे मनरेगा मजदूरों ने प्रदेश अध्यक्ष से सीधे संवाद करते हुए मनरेगा कार्यों में हो रही समस्याओं, भुगतान में देरी, काम की कमी और प्रशासनिक उपेक्षा जैसे गंभीर मुद्दों को विस्तार से रखा।

प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर सदन तक जनता की लड़ाई लड़ रही है। आज भाजपा सरकार हर वर्ग को परेशान कर रही है—चाहे वह मजदूर हो, किसान हो, युवाएँ हो या मध्यम वर्ग। भाजपा की नीतियाँ जनहित के विपरीत हैं और गरीबों, मजदूरों तथा ग्रामीणों के अधिकारों पर सीधा आघात कर रही हैं। मनरेगा, जो ग्रामीण गरीबों के लिए जीवनरेखा है, उसे कमजोर करने और मजदूरों के रोजगार को छीनने का प्रयास भाजपा द्वारा लगातार किया जा रहा है।

**मजदूरों का सम्मान कांग्रेस की पहचान**

दीपक बैज ने उपस्थित मजदूरों को भरोसा दिलाया कि कांग्रेस मनरेगा में हो रही हर अनियमितता के खिलाफ मजबूती से आवाज उठाएगी। उन्होंने कहा कि मजदूरों का सम्मान कांग्रेस की पहचान है, और पार्टी यह सुनिश्चित करेगी कि उन्हें समय पर काम मिले, पूरा भुगतान मिले और बिना किसी भेदभाव के पारदर्शिता के साथ योजनाएँ संचालित हों। उन्होंने आगे कहा कि मनरेगा में हो रही गड़बड़ियों, मजदूरों के अधिकारों के हनन तथा भाजपा सरकार की उदासीनता के खिलाफ कांग्रेस अब व्यापक आंदोलन खड़ा करेगी। आने वाले दिनों में प्रदेश के हर ब्लॉक और जिला स्तर पर जनसभाएँ, धरने और विरोध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि मजदूरों की आवाज सत्ता के गलियारों तक गूँज सके।

कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस कमिटी ओबीसी विभाग भावेश बघेल ने कहा कि मनरेगा ग्रामीणों के लिए सिर्फ रोज़गार नहीं, बल्कि सम्मान और आत्मनिर्भरता का माध्यम है। भाजपा की गलत नीतियों ने मजदूरों के सामने संकट खड़ा कर दिया है, जिसे कांग्रेस मिलकर समाप्त करेगी।

कार्यक्रम के अंत में बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के इस संघर्ष में मजबूती से साथ देने का संकल्प लिया और मनरेगा बचाओ संग्राम को गांव-गांव तक पहुँचाने की बात कही। स्वागत मे उपस्थित पूर्व ब्लॉक अध्यक्षगण,जिलापंचायत सदस्यगण, पूर्व जिलाध्यक्षगण, पूर्व जिलापंचायत अध्यक्ष,जनपद सदस्य पूर्व जनपद अध्यक्षगण,प्रदेश पदाधिकारीगण, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारीगण,नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष एवं पार्षदगण,युवा कांग्रेस, किसान कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल एवं समस्त प्रकोष्ठों के पदाधिकारीगण, मंडल अध्यक्षगण, सेक्टर प्रभारीगण, बूथ प्रभारीगण तथा बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विस रिंगरोड पर अनियंत्रित बाइक पुल से गिरी, दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदिर हसौद

राजधानी रायपुर के पास स्थित तुलसी ( बाराडेरा )में एक साथ दो युवक की मौत से गांव में पसरा सन्नाटा घटना 4 फरवरी की है , जो रात्रि 10:00 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 53 से विधानसभा जाने वाले मार्ग पर रिंग रोड 3 के सर्विस रोड पर तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की संतुलन बिगड़ने से मोटर साइकिल स्प्लेंडर सी जी 04 क्यू ई 9758 के चालक और अन्य दो साथी पुल से नीचे गिरने से दो की घटना स्थल पर मौत हो गई । वहीं तीसरे व्यक्ति का 1 घंटे बाद होश आने पर 2 किलोमीटर पैदल भागते हुए गांव पहुंचे जो घर पहुंचकर घटना की जानकारी दिया।

■ बाइक पर सवार तीसरा युवक हुआ बेहोश, होश आने पर दो किमी पैदल चलकर दी जानकारी

जहां घटना स्थल पर परिजन और मंदिर हसौद पुलिस टीम पहुंच वही मृतक की पहचान यशवंत साहू पिता शेष नारायण साहू उम्र 21 वर्ष और दूसरा मृतक दशरथ धीवर पिता हीरालाल धीवर उम्र 22 वर्ष निवासी तुलसी जो 4 फरवरी को दशरथ धीवर अपने दोनों दोस्त के साथ अपने बुआ के घर बर्थडे मनाने गोढी गए हुए थे। जो रात में गोढी से वापस अपने घर तुलसी वापस आ रहे थे। जो मेन रोड़ से कट कर सर्विस रोड पर अपने गांव तुलसी के लिए मुड़ कर जा रहे थे, की कुछ ही दूर पहुंचे थे की मोटरसाइकिल के साथ पुल के नीचे जा गिरे जिससे घटना स्तर पर ही मौत हो गई। इसका मंदिर हसौद पुलिस द्वारा पंचनामा बनाकर पीएम के लिए भेजा गया। जिसका पांच फरवरी को दोनों का एक साथ दाह संस्कार किया गया। वहीं घटना के बाद से गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। जो की दोनों पड़ोसी हैं और दोनो के बीच बचपन से मित्रता रही है। वही यशवंत दो भाई में अपने परिवार का बड़ा बेटा था जो स्टाइल्स मिस्त्री का काम कर अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। जिसका कुछ ही दिन पहले सगाई हुआ था। वही दशरथ धीवर 3भाई में छोटा है जो परिवार का दुलरवा था। जहां इस घटना के बाद से परिजन सदमे में है। और गांव में मातम छाई हुई है।

# आरटीआई की जानकारी में विरोधाभास जांच की मांग और शिकायत की तैयारी

**अभनपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोरपा के तत्कालीन संस्था प्रभारी डॉ शारदा प्रसाद साहू पर डाटा हैडलर श्रीराम यादव द्वारा लगाये गये आरोप मामले मे सूचना का अधिकार अधिनियम से प्राप्त जानकारी और स्वास्थ्य विभाग के विभागीय पत्रों के बीच विरोधाभास सामने आया है। शिकायतकर्ता श्री राम यादव ने बताया कि लगभग 6 से 7 माह पूर्व तत्कालीन संस्था प्रभारी डॉ. शारदा प्रसाद साहू के विरूद्ध सेल्फ आहरण की राशि का विधिवत रिकॉर्ड नहीं रखने ,बिल वाउचर में स्टॉक पंजी संलग्न नही होने तथा ,चेक इश्यू रजिस्टर का संधारण नहीं किया गया,क्रय समिति से अनुमोदन लिए बिना भुगतान होने तथा नोटशीट के अनुमोदन के बिना चेक जारी करने सहित कई गंभीर वित्तीय व प्रशासनिक अनियमितताओं को लेकर स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल, स्वास्थ्य विभाग के सचिव, कलेक्टर, मिशन संचालक व उपसंचालक, सीएचएमओ रायपुर सहित अन्य उच्च अधिकारियों को लिखित शिकायत दी गई थी। शिकायत के बाद 6 मई 2025 को विभाग के तरफ से 3 सदस्य जांच टीम द्वारा खोरपा पीएचसी पहुंचकर जांच किया गया था



, लंबे समय बाद भी जांच रिपोर्ट नहीं मिलने पर शिकायतकर्ता ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायपुर कार्यालय से सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी मांगी गई, जिसमें विभाग की ओर से यह जवाब दिया गया कि विगत 2 वर्षों का ऑडिट नहीं होने के कारण जांच प्रक्रियाधीन है,हालांकि पूर्व मे आरटीआई के प्राप्त जानकारी अनुसार वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2023-24 तक का ऑडिट पूर्ण किया जा चुका है, साथ ही सूचना के अधिकार के एक सत्याापित पत्र मे स्पष्ट हो चुका है कि पीएससी खोरपा मे वर्ष 2022-23(मार्च) से 2025-26(अगस्त) तक तत्कालीन संस्था प्रभारी डॉ शारदा प्रसाद साहू द्वारा सेल्फ आहरण की गई राशि से संबंधित किसी भी नोटशीट का विवरण उपलब्ध नहीं है,वहीं बिल वाउचर एवं अन्य अभिलेखों का रिकॉर्ड भी अधूरा पाया गया है।

# अंचल में कानून व व्यवस्था ठप कांग्रेस ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कूंरा

रायपुर ग्रामीण जिले में भाजपा की डबल इंजन सरकार के शासनकाल में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। हत्याएँ, चाकूबाजी, अपहरण, बलात्कार, डकैती, चोरी, अवैध शराब/गांजा/सट्टेबाजी का कारोबार खुलेआम चल रहा है, जबकि पुलिस जांच में लापरवाही, मिलीभगत एवं भ्रष्टाचार (वसूली/उगाही) चरम पर है। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष श्री राजेंद्र पप्पू बंजारे ने पूर्व मंत्री शिवकुमार डहरिया पूर्व राज्यसभा सांसद श्रीमती छाया वर्मा पूर्व विधायक विकास उपाध्याय पूर्व विधायक अनीता शर्मा जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के पूर्व जिला अध्यक्ष उधो राम वर्मा पीसीसी सचिव प्रवीण साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष देवव्रत नायक की विशेष उपस्थिति में आज पुलिस अधीक्षक रायपुर श्रीमती श्वेता सिन्हा को एक समग्र ज्ञापन सौंपा है, जिसमें पूरे जिले की प्रमुख घटनाओं का उल्लेख करते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है।

विज्ञप्ति में कहा है कि भाजपा सरकार में रायपुर ग्रामीण जिले में कानून-व्यवस्था ध्वस्त है। हत्या, चाकूबाजी,नशाखोरी एवं पुलिस भ्रष्टाचार चरम पर है। यदि आरोपियों पर शीघ्र कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो गृह मंत्री विजय शर्मा के आवास का घेराव करने की चेतावनी दी है।

# सृजन के वार्षिकोत्सव में शिव तांडव और कृष्ण लीला की छात्रों ने दी रोचक प्रस्तुति

**आरंग।** सृजन सोनकर विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरंग में वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना और माल्यार्पण से प्रारंभ हुआ।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब (कैबिनेट मंत्री), अध्यक्षता डॉ. संदीप जैन, अति विशिष्ट अतिथि ध्रुव कुमार मिश्रा, विशिष्ट अतिथि लखन लाल सोनकर, हीरामन कोसले एवं सभी गणमान्य पार्षदगण उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में कक्षा केजी-1 से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कर्मा, ददरिया, गिद्दा, भंगड़ा, डांडिया, घूमर, मराठी, उड़िया फोक डांस, गुजराती, शिव तांडव, कृष्ण लीला आदि प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। सृजन विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास पर कार्य करता है, साथ ही बच्चों को



प्रोत्साहित करने में भी अग्रसर रहता है। इस कड़ी में सम्मान के रूप में पाँचवीं नवोदय चयनित विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल, 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में प्रथम, द्वितीय आने पर सृजन रत्न (सिल्वर मेडल), अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय खिलाड़ियों, स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर, शाला नायक, उप-शाला नायक एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित गुरु खुशवंत साहेब ने कहा— "सृजन विद्यालय के विद्यार्थियों के उत्साह, प्रतिभा और आत्मविश्वास से ओतप्रोत प्रस्तुतियों का साक्षी बना। यह विद्यालय शैक्षणिक उत्कृष्टता तक सीमित न रहकर बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। यहाँ शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और जीवनोपयोगी गुणों का बीजारोपण किया जाता है। यह बच्चों को एक सशक्त, संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए प्रेरित कर रहा है।"

## बी.एन.बी स्कूल मैदान पर साध्वी देवी चंद्रकला की रामकथा जारी

# रामकथा में केंवट की निर्मल भक्ति सुन कर श्रद्धालुओं के छलके आंसू

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा



तिल्दा-नेवरा। सोन चन्द वर्मा स्मृति फाउंडेशन द्वारा आयोजित श्री राम कथा' के पांचवें दिन सुश्री देवी चंद्रकला ने भगवान राम के वनगमन और केवट संवाद के प्रसंग भावपूर्ण वर्णन किया। दीदी ने कहा जब केवट ने प्रभु श्री राम की नाव में चढ़ाने से पहले उनके चरण पखारने की जिद की जो उनकी अनन्य भक्त और बुद्धिमत्ता को दर्शाता है। केवट के इस भावपूर्ण प्रेम को देखकर प्रभु श्री राम ने उन्हें भक्ति का वरदान दिया जिसे दीदी ने बहुत ही मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया।दीदी ने कहा कि यह प्रसंग रामायण के सबसे भावुक और शिक्षाप्रद प्रसंग में से एक माना जाता है इस प्रसंग के माध्यम से राम को सत्य प्रेम और करुणा का स्वरूप बताया गया है।

उन्होंने कहा—/"जिस प्रभु के एक नाम लेने मात्र से मनुष्य भवसागर पार कर जाता है, उस परमात्मा के चरणों को धोने का सौभाग्य एक साधारण केवट को उसकी भक्ति के कारण मिला।/" जब व्यासपीठ से यह प्रसंग सुनाया गया कि केवट ने प्रभु से मजदूरी लेने से इनकार कर दिया और कहा कि 'प्रभु! हम एक ही जात के हैं, मैं नैया पार कराता हूँ और आप दुनिया को पार कराते हो', तब पूरा पांडाल 'जय श्री राम' के उद्घोष से गूंज उठा । कथा के दौरान देवी चंद्रकला के भजनों पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर झूमते नाचते रहे।

**केंवट की अनूठी भक्ति का मर्म समझाया**

सुश्री देवी चंद्रकला ने कथा में बताया की अयोध्या में राजा दशरथ की इच्छानुसार राम के राज्याभिषेक की तैयारी होती है। राज्य की जनता बहुत खुश है लेकिन दासी मंथरा के समझाने पर कैकयी राजा दशरथ से राम के लिए वनवास और भरत के लिए सिंघासन मांगती है। पिता की आज्ञा का पालन करने के लिए राम, लक्ष्मण और सीता सहित वन को चले जाते हैं। भगवान राम गंगा किनारे पहुंचते है जहां केवट से गंगा पार कराने को कहते हैं। मांगी नाव न केवट आना, कहेंहु तुम्हार मरमु मैं जाना। केवट भगवान राम, लक्ष्मण और सीता के चरण धोकर उनको गंगा के पार पहुंचाते हैं।

वनवास के दौरान उन्होंने कई राक्षसों का संहार किया। इसी क्रम में शूर्पणखा की नाक काटी गई और रावण ने माता सीता का हरण किया।माता सीता की खोज करते हुए प्रभु राम और लक्ष्मण शबरी के आश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने शबरी के बेर खाए। माता शबरी की सलाह पर वे आगे बढ़े और उनकी भेंट पवन पुत्र हनुमान जी से हुई।कथा के दौरान भजनों को सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए।

कथा में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा व्यासपीठ का विधि-विधान से पूजन किया और देवी चंद्रकला से आशीर्वाद लिया।इस दौरान मंत्री ने कहा—आज के भौतिकवादी युग में श्री राम का चरित्र ही हमें सही मार्ग दिखा सकता है।इस भव्य आयोजन ने तिल्दा-नेवरा को अयोध्या जैसा स्वरूप दे दिया है। उन्होंने इस धार्मिक अनुष्ठान के लिए आयोजकों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।कथा के समापन पर भव्य आरती का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों दीपकों से कथा स्थल जगमगा उठा ।कल की कथा में प्रभु राम के आगे के वनवास, चित्रकूट निवास और भरत मिलाप जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों की व्याख्या की जाएगी

# हथियार दिखाकर डरने पर बदमाश जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

ग्राम मानिकचौरी में चाकू लहराकर आमजन को भयभीत करने वाले एक बदमाश अर्जुन पाटले पिता स्व. अजन पाटले, उम्र 29 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 25 एवं 27 के तहत कार्रवाई की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 फरवरी को थाना अभनपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम मानिकचौरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास अर्जुन पाटले नामक युवक एक लोहे का बकरा काटने का कत्तानुमा हथियार लेकर सडक़ पर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहा है, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस मानिकचौरी-दादरझोरी रोड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास दबिश दी। मौके पर आरोपी हथियार लहराते हुए लोगों को भयभीत करता पाया गया। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को मौके से पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक लोहे का कत्तानुमा हथियार बरामद कर आर्म एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।



## खबर संक्षेप

### लखनलाल देवांगन ने किया कार्यकर्ताओं की समस्याओं का निराकरण



**रायपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में गुरुवार को सहयोग केंद्र में कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन ने कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात कर उनके आवेदनों का निराकरण किया। इस दौरान सहयोग केंद्र में लगभग 100 लोग पहुंचे और विभिन्न विषयों से जुड़े 36 आवेदन प्राप्त दिए। इनमें से अधिकांश आवेदनों का तत्काल निराकरण भी किया गया। सहयोग केंद्र में प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन एवं सहयोग केंद्र प्रभारी सच्चिदानंद उपासने मौजूद रहे।

### प्रभात मिश्रा बने छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन ने राज्य की राजभाषा को और ज्यादा सशक्त और प्रभावी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। शासन की ओर से प्रभात मिश्रा को छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संस्कृति विभाग की ओर से इसे लेकर आदेश भी जारी कर दिया गया है। जारी आदेश के मुताबिक राज्य शासन ने अपने निहित अधिकारों का प्रयोग करते हुए प्रभात मिश्रा को उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। शासन के इस फैसले को राजभाषा के प्रचार-प्रसार और शासकीय कार्यों में हिंदी के प्रभावी उपयोग को बढ़ावा देने की दिशा में अहम माना जा रहा है। नवनियुक्त अध्यक्ष प्रभात मिश्रा रायपुर निवासी हैं। प्रशासनिक और सामाजिक क्षेत्र में उनके अनुभव को देखते हुए शासन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

### बिना तैयारी 9 बड़ी कॉलोनी निगम में हैंड ओवर करना समझ से परे

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा कैबिनेट की बैठक में आरडीए की माता कौशिल्या विहार, इंद्रप्रस्थ सहित 9 बड़ी कालोनियों को रायपुर नगर निगम में हैंडओवर करने के निर्णय पर पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने ऐतराज जताया है। उनका कहना है कि बिना कोई तैयारी के निगम से प्रस्ताव लिए बिना राज्य शासन ने 9 बड़ी कालोनी को निगम में हैंडओवर कर दिया, यह समझ से परे है।



दरअसल, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में रायपुर नगर निगम में रायपुर विकास प्राधिकरण और छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के नौ कॉलोनी का मेंटेनेंस नगर निगम को सौंप दिया है। इन कालोनियों में रायपुर विकास प्राधिकरण 1600 एकड़ में विकसित टाउनशिप माता कौशिल्या विहार एवं रायपुरा इंद्रप्रस्थ सहित अन्य कॉलोनीयां शामिल हैं। पूर्व महापौर प्रमोद दुबे का कहना है इन कालोनियों की हालत अत्यंत जर्जर है, क्योंकि करीब 15 से 25 साल इन कालोनियों में पाइप लाइन डाले हो चुके हैं, स्वाभाविक तौर पर 50 फीसदी पाइपलाइन की लाइफ समाप्त हो गई होगी, जिसे बदलने की आवश्यकता है।

### सर्वोदय तालाब के आसपास अतिक्रमण

**रायपुर।** ग्रीन आर्मी संस्था ने शहर के महत्वपूर्ण जलस्रोत सर्वोदय तालाब के आसपास हो रहे अतिक्रमण को लेकर शासन-प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है। उल्लेखनीय है कि सर्वोदय तालाब अरविंद दीक्षित वार्ड क्रमांक 56 अंतर्गत पचपेड़ी नाका से लगभग 100 मीटर की दूरी पर स्थित है, उसकी भूमि पर कुछ लोगों द्वारा विगत माह सितंबर 2025 से अवैध कब्जा किया जा रहा है। इस संबंध में जोन-10 कार्यालय नगर निगम ने कई बार नोटिस जारी किए, किंतु अब तक कोई ठोस एवं सकारात्मक कार्रवाई नहीं हो सकी है। इसी क्रम में ग्रीन आर्मी संस्था भी पिछले 4 वर्षों से सर्वोदय तालाब को संरक्षित रखने हेतु संघर्षरत है। लगभग 20 दिन पूर्व ग्रीन आर्मी संस्था ने सर्वोदय तालाब की समस्याओं को लेकर कलेक्टर, महापौर, अपर आयुक्त एवं नगर निगम आयुक्त को लिखित पत्र सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की थी।

# ओबीसी के पारंपरिक कारोबार को कैसे बनाया जा सकता है आधुनिक, पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग करेगा अनुशंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ में ओबीसी समुदाय के ग्रामीण क्षेत्र के करीब 97 लाख एवं 27 लाख शहरी क्षेत्रों में बसे लोगों के लिए ये खबर काम की है। राज्य में पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग द्वारा इस समुदाय के लोगों के सामाजिक, आर्थिक शैक्षणिक विकास की स्थिति जानने लिए लिए सर्वेक्षण किया गया है। सर्वे के बाद अब ये डाटा ऑनलाइन किया जाएगा। खास बात ये है कि डाटा सामने आने के बाद आयोग इसका विश्लेषण करेगा, इसके बाद ये अनुशंसा की जाएगी कि ओबीसी समुदाय के पारंपरिक कारोबार को कैसे आधुनिक बनाया जा सकता है।

## 16 फरवरी से डाटा होगा ऑनलाइन

### 16 से डाटा होगा ऑनलाइन

पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग द्वारा करीब दो साल पहले राज्य भर में सर्वे करके ओबीसी समुदाय के बारे में 54 बिंदुओं के आधार पर जानकारी जुटाई गई थी। इसमें ओबीसी की आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक स्थिति क्या है। अब छ.ग. पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग द्वारा अन्य पिछड़ा वर्गों के सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक सर्वे कार्य की डेटा का ऑनलाईन पोर्टल एन्ट्री की जाएगी। यह काम 16 फरवरी से शुरु होगा।



### नगरीय प्रशासन ने जारी किया आदेश

इस मामले में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के सभी नगर निगम, पालिका और नगर पंचायतों के अधिकारियों को डाटा आनलाइन करने संबंधी निर्देश दिए हैं। कहा गया है कि वर्ष 2024 में छ.ग. पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग द्वारा राज्य के समस्त जिलों में अन्य पिछड़ा वर्गों के सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक स्थिति का सर्वे जिला कलेक्टरों के माध्यम से समस्त ग्रामीण एवं नगरीय निकायों में कराया गया था। जिसके आधार पर नगरीय निकायों में 54 बिन्दुओं का प्रपत्र भरा गया था। जिसकी ऑनलाईन पोर्टल पर एन्ट्री 16 फरवरी से की जानी है।

### होगा डाटा का विश्लेषण और आयोग करेगा अनुशंसा

ओबीसी का डाटा आनलाइन आने के बाद पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग इस डाटा का विश्लेण करेगा। यह काम इस तरह होगा कि ओबीसी में युवाओं की संख्या कितनी है, इनमें से कितनों के पास रोजगार है। जिन लोगों के पास कोई रोजगार नहीं है उनके लिए वैक्लिपक रोजगार के साधन क्या हो सकते हैं। इसी तरह ओबीसी में करीब 95 प्रकार की जातियां हैं, ये किसी न किसी प्रकार से पारंपरिक तौर तरीकों से व्यावसाय करते हैं, इनके पारंपरिक कारोबार को कैसे आधुनिक बनाया जा सकता है। आयोग पारंपरिक धंधों के अपग्रेड करने के लिए अनुशंसाएं करेगा। डाटा विश्लेषण से यह भी समझा जाएगा कि कितने लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पंहुच रहा है। जो लोग इस लाभ से वंचित हैं उन्हें कैसे योजनाओं का लाभ पंहुचाया जा सकता है। इस काम के लिए आयोग ओबीसी समुदाय के लोगों के साथ अलग-अलग स्तर पर चर्चा भी करेगा।

## सीएम साय ने कहा- छत्तीसगढ़ के लिए गर्व

# पीएम आवास में छत्तीसगढ़ की ऊंची छलांग, 10 माह में 5 लाख मकान बनाकर बनाया राष्ट्रीय कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत छत्तीसगढ़ ने दस महीने चार दिन के भीतर पांच लाख मकानों का निर्माण पूरा कर लिया है। खास बात ये है कि योजना के प्रारंभ से अब तक पहली बार छत्तीसगढ़ ने किसी एक वित्तीय वर्ष में 5 लाख आवासों के निर्माण का रिकॉर्ड कायम किया है। मानसून अवधि सहित औसतन प्रतिदिन 1,600 से अधिक आवासों का निर्माण कर राज्य ने समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और लक्ष्यबद्ध कार्य निष्पादन की नई मिसाल कायम की है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की पहली ही बैठक में 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया था। निर्णय के परिपालन में राज्य के सभी जिलों के सतत, संगठित एवं अथक प्रयास से छत्तीसगढ़ ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत एक नया राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित किया है।

### पहली कैबिनेट में 18 लाख मकान बनाने का लिया था निर्णय




### आवास के साथ आजीविका को प्राथमिकता- विजय शर्मा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में आवास निर्माण के साथ-साथ आजीविका सृजन को भी समान प्राथमिकता दी गई है। महिला स्व-सहायता समूहों से जुड़ी हजारों महिलाओं ने सीएलएफ बैंक से ऋण लेकर निर्माण सामग्री आपूर्ति का कार्य प्रारंभ किया है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिली है। इस पहल के परिणामस्वरूप 8 हजार से अधिक महिलाएँ लखपति दीदी के रूप में आत्मनिर्भर बनकर उभरी हैं, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

### सबसे ज्यादा बिलासपुर में बने आवास

*प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिलों की सक्रिय भागीदारी और स्वस्थ प्रतिस्पर्धात्मक कार्य संस्कृति इस उपलब्धि का मजबूत आधार बनी है। इस क्रम में बिलासपुर जिले में 29 हजार 235, महासमुंद में 27 हजार 224, बलरामपुर में 27 हजार 12, कोरबा में 26 हजार 839 तथा रायगढ़ जिले में 26 हजार 707 आवासों का निर्माण पूर्ण कर इन जिलों ने राज्य की समग्र उपलब्धि में अग्रणी भूमिका निभाई है। इसके अतिरिक्त मस्तूरी, आरंग, डभरा, बिल्हा, पाली एवं जैजैपुर जनपद पंचायतों द्वारा भी 7,500 से अधिक प्रधानमंत्री आवासों का निर्माण कर उल्लेखनीय योगदान दिया गया है।*

### सीएम ने कहा- छग के लिए गर्व

*मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस उपब्धि के संबंध में कहाप्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2025 -26 में मात्र 10 माह की अवधि में छत्तीसगढ़ में 5 लाख आवासों का निर्माण पूर्ण होना, जो देश में सर्वाधिक है, छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है। मैंने प्रथम कैबिनेट बैठक में 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति का निर्णय इसलिए लिया, ताकि राज्य का कोई भी गरीब और जरूरतमंद परिवार पक्के घर से वंचित न रहे। यह उपलब्धि राज्य सरकार की स्पष्ट नीति, प्रशासनिक समन्वय और जमीनी स्तर पर कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों की मेहनत का परिणाम है। मेरे लिए प्रधानमंत्री आवास केवल एक मकान नहीं, बल्कि गरीब परिवारों के सम्मान, सुरक्षा और बेहतर भविष्य का आधार हैं, और इनके माध्यम से आजीविका के अवसर सृजित कर हम छत्तीसगढ़ को समावेशी और सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ा रहे हैं।*

# छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र होगा हंगामेदार विपक्ष उठाएगा कई मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र की तैयारी में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों जुट गए हैं। 15 दिन के सत्र में विपक्ष द्वारा सरकार को घेरने की रणनीति बनाई गई है। उसके अनुसार ही सवाल लगाए जा रहे हैं। सत्र के दौरान धान खरीदी से लेकर कई जिलों के संग्रहण केंद्र से करोड़ों का धान गायब होने पर भी सवाल होगा। वहीं शराब और नशे के सामान की तस्करी, कानून व्यवस्था को लेकर सरकार को घेरने की तैयारी है।

23 फरवरी से शुरू होने वाले बजट सत्र के लिए पांच दिन में अब तक 1034 सवाल लग चुके हैं। अधिकतर विधायकों ने ऑनलाइन सवाल लगाए हैं। सवालों के लगने के साथ ही विभागों को इसके जवाब के लिए भेजा जा रहा है। सत्र के दौरान पहले दिन को छोड़कर शेष दिन प्रश्नकाल होगा। बताया गया है कि सत्र के दौरान 27 फरवरी को नए वित्तीय वर्ष का बजट पेश किया जाएगा।

सत्र के दौरान विपक्ष द्वारा प्रदेश के कई जनहित के मुद्दों पर स्थगन भी लाया जाएगा। वहीं, सत्ता पक्ष की ओर से प्रदेश के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण विधायी कार्य और वित्तीय प्रस्ताव सदन पटल पर रखे जाएंगे।

### इन मुद्दों पर घेरेंगे

विधानसभा में कांग्रेस बजट सत्र के दौरान धान खरीदी, कानून व्यवस्था और नई योजनाओं के क्रियान्वयन जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने की पुरजोर कोशिश करेगी। धान खरीदी और उसके पूर्व पंजीयन को लेकर अपनाई गई प्रक्रिया, शहरों में बढ़ती आपराधिक घटनाएं, नशे का कारोबार, चौपाटी हटाने का मामला, जल जीवन मिशन, लोक निर्माण विभाग में घटिया सड़क निर्माण, सीएसआईडीसी और उद्योग विभाग में गड़बड़ी, स्वास्थ्य विभाग में अव्यवस्था, नगरीय निकाय विभाग में बिना अनुमति कार्य, खाद और बीज के मामले में गड़बड़ी, निर्वाचन में एसआईआर का मामला सहित अन्य मुद्दों को लेकर सदन में विपक्ष सरकार को घेरेगा।

# दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान में प्रदेश के भाजपा नेता भी हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन की वैचारिक और कार्यक्षमता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से गुरुवार को नई दिल्ली स्थित भाजपा केन्द्रीय मुख्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन मुख्य रूप से शामिल हुए।

श्री नबीन ने संगठनात्मक ढांचे में प्रशिक्षण की अनिवार्य भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। श्री नबीन ने कहा, यह महाअभियान व्यक्ति निर्माण से संगठन निर्माण और संगठन निर्माण से राष्ट्र निर्माण के मूल मंत्र पर आधारित है। प्रशिक्षण ही वह माध्यम है जो कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा और कार्यपद्धति से गहराई से जोड़ता है। श्री नबीन ने कहा, यह अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत' के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए संगठन को और अधिक ऊर्जावान व सशक्त बनाएगा। इस महाअभियान में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कण्डेय, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, प्रदेश प्रवक्ता शताब्दी पांडे व टेकेश्वर जैन तथा प्रशिक्षण विभाग के प्रदेश संयोजक डॉ. अवधेश जैन ने हिस्सा लिया।

# प्रदेश में खुलेंगे 4 नए उप पंजीयक कार्यालय, मिली प्रशासकीय स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में आम नागरिकों को रजिस्ट्री एवं पंजीयन से जुड़ी सेवाएं सहज, सुलभ और समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराने की दिशा में राज्य सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। भखारा (जिला धमतरी), लवन (तहसील मुख्यालय, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा), सकरी एवं राजकिशोर नगर (बिलासपुर) में चार नवीन उप पंजीयक कार्यालय खोलने के लिए प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार धमतरी जिला के भखारा में नवीन उप पंजीयक कार्यालय खोलने हेतु प्रशासकीय स्वीकृत दी गई है। इसी प्रकार जिला पंजीयक बलौदाबाजार-भाटापारा के अंतर्गत तहसील मुख्यालय लवन और बिलासपुर जिले के राजकिशोर नगर एवं सकरी में उप पंजीयक कार्यालय खोलने प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान किया गया है।

### सीएम ने कही ये बात



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि शासन की सेवाएं आम नागरिकों तक उनके निकटतम स्तर पर उपलब्ध हों। नए उप पंजीयक कार्यालयों की स्वीकृति से लोगों को पंजीयन संबंधी कार्यों में बड़ी राहत मिलेगी। वित्त एवं वाणिज्य कर पंजीयन मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि राज्य हमारी सरकार नागरिक सुविधाओं के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

### अब नहीं जाना होगा जिला मुख्यालय

इन नए उप पंजीयक कार्यालयों के खुलने से संबंधित क्षेत्रों के नागरिकों को रजिस्ट्री कार्य के लिए दूरस्थ जिला मुख्यालयों तक नहीं जाना पड़ेगा। इससे समय और धन की बचत होगी, भीड़ कम होगी तथा पंजीयन प्रक्रिया अधिक सुगम और पारदर्शी बनेगी। साथ ही स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और प्रशासनिक कार्यों में गति आने की भी संभावना है।

# 66 हजार टन से अधिक धान की खरीदी, केंद्रों में रही किसानों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- सत्यापन के बाद टोकन मिलने वाले किसान आज बेचेंगे धान
- 25.11 लाख किसानों से 139.85 लाख टन धान खरीदी की

जिन किसानों का टोकन कटा था, उनसे दो दिन धान खरीदी के निर्णय के बाद पहले दिन राज्य की समितियों में 12343 किसानों ने 66 हजार 103 मीट्रिक टन धान की खरीदी की। बताया गया है कि खरीदी केंद्रों में उन्हीं किसानों का धान लिया जा रहा है, जिनका 28, 29 और 30 जनवरी को टोकन कटा था। प्रदेश की सोसायटियों में कई ऐसे किसान पहुंचे जिन्होंने टोकन के लिए आवेदन किया और उनका भौतिक सत्यापन किया जा चुका है। खरीदी केंद्रों के अलावा समितियों में भी किसानों की भीड़ लगी रही।

आज जिन किसानों का धान खरीदा गया उनमें ऐसे लोग शामिल है जिनका टोकन कैंसल हो गया था। इसकी संख्या साढ़े 12 हजार से अधिक थी। उनमें से कुछ किसान आज धान बेचने नहीं पहुंच पाए। आज जिन लोगों को भौतिक सत्यापन किया गया है उनका भी धान कल लिया जाएगा। बताया जाता है कि तीन दिनों में टोकन मांगने वाले किसानों की संख्या के आधार पर धान की खरीदी किया जाना है। राज्य में 31 जनवरी तक 25.11 लाख किसानों से 139.85 लाख टन धान खरीदी की गई थी। आज जिन 12 हजार 343 किसानों से धान खरीदी के बाद 140.51 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है।



### इनसे भी लिया जाएगा धान

बताया गया है कि 29 हजार से अधिक किसान जिन्होंने धान बेचने टोकन के लिए आवेदन लगाया था उनका भौतिक सत्यापन पूरा कर लिया गया था। समितियों के द्वारा ऐसे किसानों को टोकन जारी करने के बाद उनका धान कल लिया जाएगा। वहीं 7900 से अधिक किसान जिनका सत्यापन नहीं हो पाया उना सत्यापन के बाद टोकन पर निर्णय लिया जाना है। पटवारी और जिलों से जिन अधिकारियों को इसका जिम्मा सौंपा था उनकी रिपोर्ट आने के बाद निर्णय लिया जाएगा।

# दिल्ली में 10 से कांग्रेस के नवनियुक्ति जिलाध्यक्षों का प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सहित जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, झारखंड, ओडिशा, तमिलनाडु समेत कई राज्यों के कांग्रेस के नव-नियुक्त जिला और शहर कांग्रेस अध्यक्षों के लिए 10 फरवरी को नई दिल्ली में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि जिलाध्यक्ष संगठन की रीढ़ होते हैं, इसलिए उन्हें वैचारिक, संगठनात्मक और रणनीतिक रूप से मजबूत बनाना आवश्यक है।

कांग्रेस की ओर से महासचिव केसी वेणगोपाल की ओर से जारी आधिकारिक पत्र के अनुसार, सभी नव-नियुक्त जिलाध्यक्षों को दो चरणों में अनिवार्य प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के पहले चरण में 10 फरवरी को एक दिवसीय प्रारंभिक प्रशिक्षण और ओरिएंटेशन और इसके बाद दूसरे चरण में 10 दिनों का विस्तृत और आवासीय प्रशिक्षण शिविर होगा। प्रशिक्षण प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे से शाम 7 बजे तक नई दिल्ली के इंदिरा भवन, कोटला मार्ग में आयोजित होगा।

- छत्तीसगढ़ समेत 9 राज्यों के जिला अध्यक्ष होंगे शामिल
- दो चरणों में होगा अनिवार्य प्रशिक्षण



### संगठन को मजबूत करने के तरीके सिखाएंगे

ट्रेनिंग में जिलाध्यक्षों को बूथ से लेकर जिला स्तर तक संगठन मजबूत करने मीडिया मैनेजमेंट और प्रभावी संवाद सोशल मीडिया कैंपेन और डिजिटल रणनीति जनता से सीधा जुड़ाव और जन आंदोलन जैसे विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण अवधि के दौरान सभी जिलाध्यक्षों को निर्धारित स्थल पर ही ठहरना होगा।

### सभी जिला अध्यक्षों को समय पर पहुंचने के निर्देश- बंजारे

अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण, राजेंद्र पप्पू बंजारे ने बताया कि कांग्रेस नेतृत्व का मानना है कि मजबूत जिला इकाइयाँ ही पार्टी को भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाएंगी। सभी संबंधित जिलाध्यक्षों को समय पर दिल्ली पहुँचने और इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश जारी किया गया है।

## बिना टेंडर साइंस कॉलेज मैदान में करोड़ों का हो रहा काम- सुबोध

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के आयोजन में बिना टेंडर टेंट लगना शुरू, कांग्रेस ने लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साइंस कॉलेज मैदान में 10 फरवरी को मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के आयोजन को लेकर कांग्रेस ने गंभीर आरोप लगाया है। कांग्रेस प्रदेश महामंत्री सुबोध हरितवाल ने कहा, योजना के तहत होने वाले आयोजन में भ्रष्टाचार किया गया है और बिना नियमों के करोड़ों रुपये का काम कराया जा रहा है। सुबोध हरितवाल ने राजीव भवन में संवाददाताओं से चर्चा में कहा, आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भारी अनियमितताएं सामने आई है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस आयोजन के लिए निविदा प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। नियमानुसार सीएसआईडीसी के माध्यम से कंपनियों से निविदा आमंत्रित की जाती है। 4 फरवरी को 5 कंपनियों को आमंत्रित किया गया और उन्हें 24 घंटे के भीतर डिजाइन प्रेजेंटेशन के लिए बुलाया गया। प्रेजेंटेशन हुआ नहीं और साइंस कॉलेज में एक कंपनी द्वारा टेंट लगाना शुरू कर दिया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि ऐसा कौन-सा डिजाइन और लेआउट है, जो पहले से ही पास हो चुका है।




### उच्च स्तरीय जांच की मांग

उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि इस कार्य के लिए प्रशासन की ओर से वर्क ऑर्डर मिलता है, क्या प्रजेंटेशन के पहले ही वर्क ऑर्डर जारी कर दिया गया? कांग्रेस ने मामले में महिला एवं बाल विकास मंत्री को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया और कहा, विभाग की संलिप्तता के बिना ऐसा संभव नहीं है। उन्होंने इसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

### सुबोध ने कहा– जंबूरी जैसा हो रहा भ्रष्टाचार

श्री हरितवाल ने आरोप लगाया कि बिना टेंडर के साइंस कॉलेज मैदान में काम शुरू हो चुका है, जबकि इस आयोजन पर 5 करोड़ रुपये से अधिक का खर्च बताया जा रहा है। उन्होंने कहा, यदि किसी आयोजन में 4–5 करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं और निविदा प्रक्रिया नहीं अपनाई गई, तो यह स्पष्ट रूप से भ्रष्टाचार है। उन्होंने इसे "जंबूरी भ्रष्टाचार 2.0" करार देते हुए कहा, जंबूरी मामले में अनियमितताएं सामने आई थी, वैसे ही इस मामले में भी गड़बड़ी हुई है।

# बेशकीमती शासकीय भूमि-नाला पर कब्जा, सीमांकन के बाद निगम ने अतिक्रमण को तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के अमलीडीह क्षेत्र में वार्ड क्रमांक- 50 एवं 51 की सीमा क्षेत्र पर बेशकीमती शासकीय भूमि और रामराजा नाला पर कब्जा करने बनाए गए बाउंड्रीवॉल को जिला प्रशासन के राजस्व विभाग की टीम ने गुरुवार को तोड़ने की कार्रवाई की। यह कार्रवाई भूमि का सीमांकन करने के बाद की गई है। सीमांकन में कब्जा की गई भूमि शासकीय पाई गई है। इधर राजस्व विभाग की टीम ने जरूर शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की है, लेकिन अब तक इस भूमि पर कब्जा करने वालों का पता नहीं लगा पाई है, जबकि इस भूमि को लेकर पूर्व में कुछ लोग निजी और अपनी भूमि होने का दावा भी कर चुके हैं। दावा करने वाले लोगों से इस मामले में अब तक कोई पूछताछ नहीं की गई है। राजस्व अधिकारियों का कहना है कि शासकीय भूमि को कब्जा मुक्त करा दिया गया है और इसके बाद कोई व्यक्ति इस भूमि पर दावा करता है तो उसे सामने आना होगा। नायब तहसीलदार ज्योति सिंग ने बताया कि उनकी मौजूदगी में आरआई एवं पटवारी ने नाले की जमीन की वास्तविक स्थिति का चिन्हांकन किया। इससे पता चला कि यह जमीन शासकीय है। इस जमीन पर निर्मित संरचना, बाउंड्रीवाल, झोपड़ी व अन्य सरचनाएं अवैध रूप से है। सीमांकन के बाद इस अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई की गई।

### नाला की जमीन शासकीय

उन्होंने बताया कि नाला की जमीन शासकीय है। इस कार्रवाई के बाद भी अगर कोई इसे निजी या अपनी बताता है, तो उसे दस्तावेजों के साथ सामने आना होगा। उन्होंने बताया कि इस शासकीय जमीन पर किन लोगों ने अतिक्रमण किया था, इसका पता अभी नहीं चल पाया है। हालांकि यह जरूर पता चला कि पूर्व में कुछ लोग इस जमीन को खुद की बता रहे थे। उनमें से एक भी आज कार्रवाई के दौरान मौके पर नहीं पहुंचा था। इस कार्रवाई में राजस्व निरीक्षक यश वराह, पटवारी राजाराम पोटाई, फुंडहर पटवारी धर्मेंद्र के अलावा जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे भी मौजूद रहे।



### नेता प्रतिपक्ष ने उठाया था मामला

उल्लेखनीय है कि नगर निगम के नेताप्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने सबसे पहले शासकीय भूमि की जमीन पर कब्जा का मामला उजागर किया था। उन्होंने इस मामले में शासकीय जमीन को मुक्त कराकर कब्जा करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की थी। इसके बाद ही जिला प्रशासन के राजस्व विभाग के एसडीएम नंदकुमार चौबे के निर्देश पर इस भूमि का सीमांकन कराकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

## खबर संक्षेप

### शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने की मांग की है। प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा, पूर्व में भी जब अन्य कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष थी, तब शिक्षकों की सेवानिवृति आयु 62 वर्ष हुआ करती थी। अब जबकि प्रदेश के सभी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष कर दी गई है तो शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु को 65 वर्ष तक बढ़ाने की आवश्यकता है। एलबी संवर्ग के संविलियन की पूर्व सेवा को गणना नहीं किए जाने से शिक्षक जीरो पेंशन में रिटायर हो रहे हैं। अतः पेंशन और पूर्ण पेंशन के मामले में एल बी संवर्ग के शिक्षकों की सेवानिवृति आयु 65 वर्ष किए जाने की नितांत आवश्यकता है। वर्तमान में शिक्षकों के लिए पेंशन ही सबसे अहम और बड़ा मुद्दा है।

## निधन

### धनेशराम यदु

**रायपुर।** टिकरापारा श्रीराम चौक



निवासी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य और संस्कृत महाविद्यालय से रिटायर्ड कर्मचारी धनेश राम यदु (99) का 5 फरवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 6 फरवरी को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से सरजूबांधा श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे मन्नूलाल यदु, मनसुख यदु, दीपक यदु के पिता और बंटी यदु, बालू, गोल्डी के दादा थे।

### गोकुलधर दीवान

**रायपुर।** सुंदरनगर निवासी



गोकुलधर दीवान ताला वाले (89) का 5 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे शैल दीवान के पति, समीर एवं अनीश दीवान के पिता थे।

### संजय श्रीवास्तव

**रायपुर।** बरड़िया विहार अमलीडीह



निवासी संजय श्रीवास्तव का 5 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे हर्षित श्रीवास्तव के पिता थे।

# एक ही एजेंसी के पास रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का ठेका
# सरोना का कार्य निपटने के बाद मंदिर हसौद में बढ़ेगी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मंदिर हसौद रेलवे स्टेशन में कछुआ गति से चल रहा पुनर्विकास, इस गर्मी भी धूप में तपेंगे यात्री

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकास के लिए चयनित मंदिर हसौद स्टेशन के यात्रियों को इस बार भी चिलचिलाती धूप में ट्रेनों का इंतजार करना पड़ सकता है। स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए बनाए जा रहे शेड का काम अब तक अधूरा है। कार्य की धीमी गति न केवल यात्रियों के लिए मुसीबत बनी हुई है, बल्कि रेलवे प्रशासन के लिए भी चिंता का विषय है। हाल ही में रेलवे द्वारा अमृत भारत स्टेशनों की प्रगति की समीक्षा की गई, जिसमें मंडल के चार स्टेशनों में कार्य की गति काफी धीमी पाई गई, जिनमें मंदिर हसौद भी शामिल है।

हरिभूमि की पड़ताल में यह बात सामने आई है कि कार्य में देरी का मुख्य कारण एक ही एजेंसी को दो से अधिक स्टेशनों के पुनर्विकास का जिम्मा सौंपा जाना है। सरोना स्टेशन और मंदिर हसौद दोनों का कार्य एक ही एजेंसी के पास है, जिससे सरोना का काम पूरा होने के बाद ही यहां तेजी आने की संभावना है। हालांकि, निर्माण कार्य को लेकर हुई देरी को गंभीरता से देखते हुए डीआरएम ने संबंधित एजेंसी को मार्च तक हर हाल में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि रायपुर मंडल के अंतर्गत भाटापारा, भिलाई पावर हाउस, तिल्दा नेवरा, बालोद, दल्ली राजहरा, भानुप्रतापपुर, हथबंद, सरोना, मरोदा, मंदिर हसौद, भिलाई नगर, रायपुर और दुर्ग जैसे स्टेशनों का कायाकल्प किया जाना है।

### निर्देश दिया गया है

मंडल के अमृत भारत स्टेशनों का रिव्यू किया गया है, जिसमें मंदिर हसौद में धीमी गति से कार्य होना पाया गया। एजेंसी को मार्च तक कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। चार अन्य स्टेशन भी है, जहां कार्य धीमा पाया गया है। सरोना स्टेशन और मंदिर हसौद दोनों का कार्य एक ही एजेंसी के पास है।

**- दयानंद**, डीआरएम, रेलवे मंडल



### सरोना का कार्य लगभग पूरा होने को है

अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल सरोना स्टेशन में पुनर्विकास का कार्य काफी तेजी से हुआ है। यहां लगभग 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और उम्मीद है कि अगले एक से दो महीने में यह पूर्ण हो जाएगा। सरोना में काम पूरा होने के बाद ही मंदिर हसौद के कार्य में तेजी आने की संभावना है। पुनर्विकास कार्य से सरोना में यात्रियों की सुविधाएं काफी बढ़ गई हैं।

### धीमी गति से चल रहा काम

अमृत भारत स्टेशन पुनर्विकास कार्य रेल मंत्रालय की अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। रेलवे बोर्ड के साथ-साथ जीएम ने भी समय पर निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इसके बावजूद मंदिर हसौद के साथ मंडल के अन्य चार स्टेशनों में कार्य धीमी गति से चल रहा है। मंदिर हसौद में चार से अधिक यात्री शेड लगने हैं। इसके अलावा प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर, एंट्री गेट, प्लेटफार्म की चौड़ाई और ऊंचाई बढ़ाने के साथ-साथ यात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाएँ विकसित की जानी हैं। वर्तमान स्थिति को देखते हुए यह कार्य पूरा होने में मार्च से अधिक का समय लग सकता है।

### केवल 50 प्रतिशत काम पूरा

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकास के लिए चयनित मंदिर हसौद स्टेशन के यात्रियों को इस बार भी चिलचिलाती धूप में ट्रेनों का इंतजार करना पड़ सकता है। स्टेशन पर रोजाना 800 से अधिक यात्रियों की आवाजाही रहती है, लेकिन पुनर्विकास का कार्य अब तक केवल 50 प्रतिशत ही पूरा हो पाया है, जबकि इसे 2025 में ही पूर्ण किया जाना था। वर्तमान स्थिति यह है कि प्लेटफार्म नंबर 1 पर एक भी शेड नहीं है, वहीं प्लेटफार्म नंबर 2 पर केवल दो शेड लगे हुए हैं। यदि मार्च तक शेड का कार्य पूरा नहीं होता, तो यात्रियों को भीषण गर्मी और तेज धूप का सामना करना पड़ेगा।

## खाद्य सामग्री पर मक्खियां, चौरसिया कालोनी की बेकरी सील

**रायपुर।** राजधानी के चौरसिया कालोनी की चांद ब्रेड फैक्ट्री को रायपुर नगर निगम की टीम ने सील कर दिया है। निरीक्षण के दौरान बेकरी में ब्रेड, टोस्ट सहित अन्य खाद्य सामग्री पर मक्खियां भिनभिनाती मिलीं। यही नहीं, निरीक्षण के दौरान कर्मचारी बिना मास्क और ग्लब्स के काम करते मिले। इसके बाद जोन 6 की टीम ने फैक्ट्री को सील कर दिया है।

दरअसल, नगर निगम जोन 6 क्षेत्र स्थित चौरसिया कालोनी की ब्रेड फैक्ट्री में सफाई की अनदेखी को लेकर नगर निगम को लोगों से शिकायत मिली। इस पर संज्ञान लेते हुए जोन 6 कमिश्नर हितेन्द्र यादव और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने शहीद चंद्रशेखर आजाद वार्ड की चौरसिया कालोनी में चांद बेड फैक्ट्री का आकस्मिक निरीक्षण किया। मौके पर शिकायत सही पाई गई। इसे जन स्वास्थ्य की दृष्टि से नुकसानदेह और खाद्य सुरक्षा



गाइड लाइन की अनदेखी मानते हुए फैक्ट्री को तत्काल सीलबंद किया गया।

जोन 6 के स्वास्थ्य अधिकारी आदित्य हजारी, स्वच्छता निरीक्षक अजय शर्मा, अभिषेक जायसवाल तथा कार्य सहायक टोकेश्वर ध्रुव की मौजूदगी में यह कदम उठाया गया।

## मनवा कुर्मी समाज का वार्षिक सम्मेलन कल

**रायपुर।** एलआईसी कॉलोनी स्थित डॉ खूबचंद बघेल सत्संग भवन में 7 फरवरी को छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज मोवा इकाई का वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी समाज के वार्ड प्रमुख लक्ष्मी नायक ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान, सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी का सम्मान, विवाहयोग्य युवक-युवती का परिचय सम्मेलन एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष खोड़सराम कश्यप होंगे। बतौर विशेष अतिथि मंत्री टंकराम वर्मा, दुर्ग सांसद विजय बघेल, पूर्व राज्यसभा सदस्य छाया वर्मा, विधायक मोतीलाल साहू आदि उपस्थित रहेंगे।

## बकाया संपत्ति कर वसूली को लेकर निगम सख्त, 5 व्यावसायिक परिसरों को किया सील

**दो बड़े बकायादारों ने बकाया कर भुगतान के लिए एक दिन की मांगी मोहलत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

राजधानी में बकाया संपत्ति कर की वसूली को लेकर नगर निगम ने सख्त कदम उठाया है। कई वर्षों से संपत्ति कर जमा नहीं करने वाले बड़े बकायादारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके संस्थानों को सील किया गया है। इस कार्रवाई से बकायादारों में हड़कंप मच गया है। नगर निगम जोन 10 अमले ने बाबू जगजीवन राम वार्ड और डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड में बकाया संपत्ति कर भुगतान में कोताही बरतने वाले 5 बड़े बकायादारों के व्यावसायिक परिसरों को सीलबंद किया। वहीं 2 बड़े बकायादारों ने बकाया संपत्ति कर भुगतान के लिए जोन 10 के राजस्व विभाग से एक दिन की मोहलत मांगी है।

नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश पर राजस्व महकमा 475 करोड़ के राजस्व वसूली के टारगेट को पूरा करने बड़े बकायादारों से राजस्व वसूली पर फोकस कर रहा है। गुरुवार को जोन 10 कमिश्नर विवेकानंद दुबे के निर्देश पर सहायक राजस्व अधिकारी गौरीशंकर साहू के मार्गदर्शन में जोन की राजस्व टीम ने अंतिम नोटिस जारी करने के बाद भी बकाया संपत्ति कर का भुगतान नहीं करने वाले 5 बड़े बकायादारों के व्यावसायिक परिसर को सील कर दिया। वहीं 1,72,034 रुपए के बड़े बकायादार प्रीतम सिंह, सुरेश कुमार, रेखचंद बी-1186 अनाज मंडी और 1,40,556 रुपए के बड़े बकायादार हरीश माखीजा सी-88 अनाज मंडी ने बकाया संपत्ति कर भुगतान करने जोन की राजस्व विभाग की टीम से एक दिन का समय मांगा है।



### इन बकायेदारों के व्यावसायिक परिसरों को किया सील

- 1,40,372 रुपए के बड़े बकायादार विमल एजेंसी, सी-66 अनाज मंडी व्यावसायिक परिसर
- 93,353 रुपए के बकायादार विजय कुकरेजा बी-89 अनाजमंडी व्यावसायिक परिसर
- 5,59,129 रुपए के बकायादार आदित्य शर्मा
- 2,78,591 रुपए के बकायादार एसएस यादव
- 8,36, 314 रुपए के बकायादार छत्तीसगढ़ पेपर वर्कस देवपुरी।

## बिजनेस साइट

### श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल में छत्तीसगढ़ की पहली आधुनिक गैट सर्जरी सफल



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में पहली बार अत्याधुनिक गैट (गोनियोस्कोपी असिस्टेड ट्रांसल्यूमिनल ट्रैबेकुलोटॉमी) ग्लूकोमा सर्जरी का सफल आयोजन श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल में किया गया। यह सर्जरी प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. चारुदत्त कलमकर द्वारा सफलतापूर्वक की गई। इस उपलब्धि के तहत दो मरीजों खेलावन साहू (65 वर्ष) और पंच बाई (60 वर्ष) का ऑपरेशन किया गया। खेलावन साहू लंबे समय से आंखों के बढ़े दबाव से पीड़ित थे, जिस पर दवाइयों का असर नहीं हो रहा था। गैट सर्जरी के बाद उनका आंखों का दबाव नियंत्रित है। वहीं पंच बाई को भी गंभीर ग्लूकोमा था, जिनकी सर्जरी पूरी तरह सफल रही और स्थिति स्थिर है। डॉ. कलमकर ने बताया कि ग्लूकोमा एक गंभीर बीमारी है, जिसमें दृष्टि नस को अपूरणीय क्षति होती है। 40 वर्ष के बाद नियमित जांच आवश्यक है। इस तकनीक से अब प्रदेश के मरीजों को इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

### आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया को ग्रीन स्टील सर्टिफिकेशन

**रायपुर।** आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया इस्पात मंत्रालय की नई ग्रीन स्टील टैक्सोनॉमी के तहत ग्रीन स्टील सर्टिफिकेशन हासिल करने वाली देश की पहली एकीकृत इस्पात उत्पादक कंपनी बन गई है। कंपनी के हॉट रोल्ड कॉयल्स और शीट्स को 4-स्टार तथा कोल्ड रोल्ड उत्पादों को 3-स्टार रेटिंग प्रदान की गई है। यह सर्टिफिकेशन ऑटोमोटिव, इंफ्रास्ट्रक्चर, डिफेंस और कंज़्यूमर ड्यूरेबल्स जैसे प्रमुख क्षेत्रों के लिए लो-कार्बन स्टील की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा और ग्राहकों को अपनी वैल्यू चेन में कार्बन उत्सर्जन घटाने में मदद करेगा। कंपनी के नवीकरणीय ऊर्जा निवेश और लो-कार्बन रणनीति भारत के ग्रीन स्टील इकोसिस्टम को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

AM/NS INDIA

### रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में निशुल्क जांच शिविर और जागरूकता वॉकथॉन



**रायपुर।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल द्वारा 3 एवं 4 फरवरी को कैंसर जागरूकता से जुड़े विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस पहल का उद्देश्य आमजन को कैंसर की समय पर पहचान और इलाज के प्रति जागरूक करना रहा। 3 फरवरी को हॉस्पिटल परिसर में निशुल्क ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग कैंप आयोजित किया गया, जिसका नेतृत्व सीनियर कंसल्टेंट ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. रवि जायसवाल ने किया। इस शिविर में लगभग 150 महिलाओं ने जांच सुविधा का लाभ लिया। 4 फरवरी को कैंसर जागरूकता वॉकथॉन का आयोजन किया गया, जिसमें अस्पताल स्टाफ, नर्सिंग टीम और कैंसर वॉरियर्स सहित 600 से अधिक लोगों ने सहभागिता की। वॉकाथॉन के पश्चात कैंसर सर्वाइवर मीट आयोजित की गई, जहां सर्वाइवर्स ने अपने अनुभव साझा कर समय पर जांच के महत्व पर जोर दिया।

### कोलंबिया कॉलेज के आनंद श्रीवास्तव को पीएचडी की उपाधि

कोलंबिया कॉलेज ऑफ साइंस एंड कॉमर्स के आनंद श्रीवास्तव को इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी संकाय के अंतर्गत 'ह्यूमन मशीन इंटरेक्शन इन मेकाट्रानिक सिस्टम्स' पर उनके द्वारा किये गए शोधकार्य के लिए पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। आनंद श्रीवास्तव ने अपना यह शोधकार्य संकाय के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. संजय कुमार के कुशल मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक पूर्ण किया। उनका यह शोध आधुनिक तकनीक, मानव और मशीन के आपसी समन्वय को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान माना जा रहा है।



## पेज 11 के शेष

### दो लाख से ज्यादा की...

पुराना विधानसभा मार्ग से शंकर नगर आने खम्हारडीह-कचना के रास्ते शंकर नगर पहुंचेंगे। वर्तमान में खम्हारडीह रेलवे क्रासिंग के पास बार-बार लगने वाले जाम की वजह से ज्यादातर लोग इस मार्ग पर आवाजाही करने से परहेज करते हैं।

### आरओबी की लंबाई...

सप्ताह का समय लगेगा। रेलवे क्रॉसिंग में ओवरब्रिज पर दोनों ओर सुरक्षा रेलिंग और वाहनों के लिए संकेतक बोर्ड लगाए जाएंगे। इसके बाद ओवरब्रिज के दोनों ओर स्ट्रीट लाइट लगाई जाएगी। इसमें करीब 15 दिन का समय लगेगा।

### पश्चिमी विक्षोभ गुजरा, अब...

उत्तरी क्षेत्र में अधिक महसूस की जाएगी, जबकि मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ में मामूली प्रभाव ही पड़ेगा। तापमान में कमी के कारण रात में और अलसुबह हल्की ठंड का अहसास लोगों को होगा। अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं होने के कारण वर्तमान की ही तरह हल्की गर्मी का अहसास होता रहेगा। बदली-बारिश जैसे कोई हालात निर्मित नहीं होंगे। मौसम शुष्क ही रहेगा।

तापमान सामान्य से अधिक : रायपुर का अधिकतम और न्यूनतम तापमान दोनों ही सामान्य से अधिक है। गुरुवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 0.7 डिग्री अधिक 30.7 डिग्री दर्ज हुआ। इसी तरह न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.4 डिग्री अधिक 18.4 डिग्री दर्ज किया गया। दिन में लोगों को हल्की गर्मी का अहसास हो रहा है और पंखा चलाने की स्थिति निर्मित हो रही है, जबकि रात में हल्की ठंड अब भी है। उत्तरी हवा का प्रभाव रायपुर पर भी पड़ेगा, लेकिन यह प्रभाव इतना अधिक नहीं होगा जितना उत्तरी भाग में। गुरुवार को सर्वाधिक तापमान राजनांदगांव में 31.5 डिग्री दर्ज किया गया। सबसे कम न्यूनतम तापमान अंबिकापुर में 11.5 डिग्री दर्ज हुआ। यहां देर रात और सुबह रहवासियों को कंपकंपाने वाली ठंड का सामना करना पड़ रहा है।

### जिन गाड़ियों में एचएसआरपी नहीं...

डॉ. संजीव शुक्ला ने एचएसआरपी नंबर प्लेट पर अभियान चलाने निर्देश दिए हैं। ट्रैफिक पुलिस की रिकार्ड के मुताबिक रायपुर जिले में एक अप्रैल 2019 के पूर्व 15 लाख वाहन पंजीकृत है, उनमें से अब तक सात लाख गाड़ियों में एचएसआरपी प्लेट लग चुका है। शेष वाहन मालिक जो एचएसआरपी लगवाने लापरवाही बरत रहे हैं। उन वाहन मालिकों की बगैर एचएसआरपी नंबर प्लेट की गाड़ियों को ट्रैफिक पुलिस रास्ते में रोकेगी और परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ मिलक.र मौके से ही एचएसआरपी के लिए फार्म भरवाएगी।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-09, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**:: आम सूचना ::**

जारी दिनांक 04.02.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम लाभांडी प.ह.नं.-65 रा.नि.मं.-09 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि के संबंध में आवेदक श्री ड्रीम इन्फ्राटेक प्रा. लिमि. द्वारा डायरेक्टर श्री राजेश अग्रवाल पिता विरेन्द्र अग्रवाल निवासी तेलीबांधा रायपुर (छ.ग.) द्वारा धारित भूमि खसरा नंबर 386/31, 386/32 रकबा क्रमशः 0.2020 हे., 0.2020 हे. कुल 0.4040 हे. के सीमांकन हेतु आवेदन माननीय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के न्यायालयीन आदेश दिनांक 19/01/2026 के परिपालन में आवेदित की भूमि के सीमांकन हेतु स्थल निरीक्षण मेरे द्वारा दिनांक 13/02/2026 को समय 1.00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतएव उक्त खसरा नंबर के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों, व्यक्ति, संस्था तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि आप नियत दिनांक के पूर्व पटवारी कार्यालय में अथवा ऊपर उल्लेखित दिनांक को आवेदित स्थल में अपनी भूमि के दस्तावेज सहित उपस्थित होवें और दस्तावेज के अनुरूप दावा-आपत्ति समक्ष प्रस्तुत करें। इसके उपरांत किसी दावा/ आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा । सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर -09 (तेलीबांधा)**





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# ऑटो एक्सपो में लगभग 60 हजार गाड़ियां बिकीं, 25 सौ करोड़ का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

राजधानी रायपुर के श्रीराम बिजनेस पार्क में चल रहे रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (राडा) का ऑटो एक्सपो-2026 का गुरुवार को समापन हो गया। राडा के अध्यक्ष रविंद्र भसीन ने बताया कि इस ऑटो एक्सपो में करीब 60 हजार गाड़ियों की बिक्री हुई है, जिससे अनुमानित 22 से 25 सौ करोड़ रुपए का कारोबार हुआ है। इस कारोबार से जीएसटी लगभग 600 करोड़ रुपए एवं कस्टमरों को लगभग 120 करोड़ रुपए की छूट मिली है। इतनी ही रकम आरटीओ विभाग को गयी है। इसके अलावा करीब 10 करोड़ रुपए सड़क सुरक्षा में गया है।

राडा ऑटो एक्सपो-2026 का समापन



### समापन में परिवहन मंत्री कश्यप हुए शामिल

ऑटो एक्सपो के समापन कार्यक्रम में परिवहन मंत्री केदार कश्यप बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने उपस्थितजनों को संबोधित भी किया। इस अवसर पर राडा के उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी, सचिव विवेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुकेश सिंघानिया, कैट के नेशनल वाइस चेयरमैन और राडा के वरिष्ठ पदाधिकारी अमर पारवानी, फाफा के रिसर्च एंड एकेडमी के नेशनल चेयरमैन मनीष सिंघानिया सहित अन्य कई कंपनियों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### एक ही जगह पर सभी सुविधाएं रहीं

राडा के अध्यक्ष रविंद्र भसीन ने बताया कि 20 जनवरी से 5 फरवरी तक आयोजित ऑटो एक्सपो को बहुत अच्छा प्रतिसाद मिला है, जिससे कारोबार भी बंपर हुआ है। उन्होंने बताया कि रायपुर ऑटो एक्सपो में छत्तीसगढ़ की जनता को एक ही स्थान पर सभी प्रकार के वाहन मॉडल एवं नवीनतम तकनीक से युक्त नए मॉडलों को देखने, परखने और चुनने का अवसर मिला। ऑटो एक्सपो में देश के विभिन्न फाइनेंसर एवं बैंक न्यूनतम दरों पर वाहन ऋण उपलब्ध कराया गया हैं। इंश्योरेंस कंपनियों ने भी न्यूनतम दरों पर वाहन बीमा की सुविधा दी हैं।

## खबर संक्षेप



### सिंधी काउंसिल ने पुलिस कमिश्नर से की मुलाकात

**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई की टीम ने कमिश्नर कार्यालय में गुरुवार को रायपुर पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर ललित जैसिंघ, उदय शदाणी, विक्की लोहाना, सुनील कुकरेजा, डॉ. एनडी गजवानी, मोहन वलयानी, रितेश वाधवा, धनेश मटलानी, निलेश तारवानी, जीतू लोहाना, राजेश रेलवानी आदि उपस्थित थे

### विधायक मिश्रा ने विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



**रायपुर।** मदर टेरेसा वार्ड में 16 लाख रुपए विकास कार्यों के लिए विधायक पुरंदर मिश्रा ने गुरुवार को भूमिपूजन किया। मदर टेरेसा वार्ड के तेलीबांधा कबाड़ी गली में 5 लाख के सड़क एवं नाली निर्माण, जल विहार श्याम नगर हनुमान मंदिर प्रांगण में स्टेज, सेड, पेवर ब्लाक निर्माण, तेलीबांधा बीएसयूपी कॉलोनी में पाइप एवं चेंबर रिपेयरिंग कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर पार्षद एवं जल विभाग अध्यक्ष संतोष सीमा साहू, पार्षद प्रदीप वर्मा, महेश ध्रुव, रोहित साहू एवं संजय गोपुलवार, हरीश ठाकुर, महेश बघेल, आशीष श्रीवास्तव, रतन वल्र्यानी, अजीत खुरा, जितेंद्र साहू, नरेंद्र पोले, पवन सिन्हा, महिला मोर्चा की रजनी, संतोषी यादव, सरिता यादव, शिवानी हरदहा सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

### देवेश मिश्रा भारतीय गणवार्ता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त



**रायपुर।** भगवा पार्टी के प्रथम प्रदेश अध्यक्ष के रूप में देवेश मिश्रा ने पदभार ग्रहण कर लिया। भारतीय गणवार्ता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवाकांत शुक्ला ने भोपाल में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की हुई बैठक में उन्हें छत्तीसगढ़ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया । नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष देवेश मिश्रा ने पत्रकारों से चर्चा में बताया कि भारतीय गण वार्ता पार्टी का मुख्य उद्देश्य पूरे छत्तीसगढ़ में सनातन धर्म का प्रचार प्रसार कर सभी सनातनी को एकत्रित करना, सनातनी सरकार बनाना है। देवेश मिश्रा ने पत्रकार वार्ता में बताया कि उनकी पार्टी आपसी भाईचारा व सदभावना बनाकर कार्य करेगी। गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करना, अखंड भारत की परिकल्पना को साकार करना पार्टी का उद्देश्य है।

### आबकारी-पुलिस विभाग नहीं करा पा रहा नौकरनामा नियम का पालन

# अहातों में नियमों का उल्लंघन, कहीं नौकरनामा नहीं बना, कहीं दूसरे कर्मचारी कर रहे काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में आबकारी विभाग के अंतर्गत शराब दुकानों के पास चल रहे अहातों में नौकरनामा का पालन नहीं किया जा रहा है। इसके कारण इन अहातों में कभी भी कोई बड़ी घटना घट सकती है, क्योंकि इन अहातों में खोले गए चखना सेंटर में जितने भी कर्मचारियों से काम कराया जा रहा है, उनमें ज्यादातर का पुलिस वेरिफिकेशन नहीं किया गया है। अहाता संचालकों ने इन लोगों का नौकरनामा कराए बिना ही काम पर रख लिया है। इससे इन कर्मचारियों में कोई अपराधी या बदमाश प्रवृत्ति का भी हो सकता है, जिसके कारण अहाता में मारपीट, हत्या का प्रयास, हत्या सहित अन्य घटनाओं के घटने से भी इनकार नहीं किया जा सकता। इधर इस मामले में आबकारी विभाग के अधिकारियों का कहना है कि नौकरनामा का पालन नहीं कराने वाले अहाता संचालकों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। पिछले 9 माह में दो अहाता में नौकरनामा नहीं बनवाने और करीब दर्जनभर अहाता में 40 से अधिक कर्मचारी ऐसे मिले, जिनके नाम नौकरनामा में शामिल नहीं थे।

### 5 से 7 सौ जुर्माना की कार्रवाई

ऐसे अहाता संचालकों पर आबकारी विभाग ने सिर्फ 500 से 700 रुपए का जुर्माना लगाने की कार्रवाई की है, जिनके यहां नौकरनामा नहीं मिला या फिर नौकरनामा में शामिल लोगों की जगह दूसरे कर्मचारियों से काम कराया जा रहा था। इस कार्रवाई के बाद भी कई अहाता में अभी भी ऐसे कर्मचारी काम कर रहे हैं, जिनके नाम नौकरनामा में नहीं है, वहीं कई अहाता संचालकों ने अब तक नौकरनामा ही नहीं बनवाए हैं।



### 40 से अधिक कर्मचारी ऐसे मिले जिनके नाम नौकरनामा में नहीं

आबकारी विभाग ने शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के कई अहाता में एक अप्रैल 2024 से लेकर 31 जनवरी के दौरान निरीक्षण के दौरान नौकरनामा की भी जांच की है। बताया जा रहा है कि इस दौरान 2 अहाता में नौकरनामा कराया हुआ नहीं मिला, वहीं करीब 9 अहाता में 40 से अधिक ऐसे कर्मचारी काम करते मिले, जिनके नाम नौकरनामा में शामिल नहीं थे।

### पुलिस से वेरिफिकेशन कराकर विभाग में जमा कराना होता है नौकरनामा

अहाता पॉलिसी के नियम के अनुसार प्रत्येक अहाता में जितने भी कर्मचारी होंगे, इन सभी का नौकरनामा संचालक को तैयार कराना होगा। इसके लिए प्रत्येक कर्मचारी का नाम, पता, मोबाइल नंबर के साथ चरित्र प्रमाण-पत्र एवं आधार नंबर की जानकारी आबकारी विभाग में शपथ-पत्र के साथ जमा करना है। चरित्र प्रमाण पत्र के लिए प्रत्येक कर्मचारी का संबंधित थाना क्षेत्र से वेरिफिकेशन होना है, लेकिन शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे ज्यादातर अहाता में इस नियम का पालन नहीं किया गया है।

### केस:1

पचपेड़ी नाका कम्पोजिट शराब दुकान अहाता राजेंद्र नगर शुभम कुमार सिन्हा रजत वर्मा ने नौकरनामा 27 अक्टूबर को जांच के दौरान नौकरनामा प्रस्तुत नहीं किया था, जिस पर विभाग ने कार्रवाई की थी।

### केस:2

तिल्दा कम्पोजिट शराब दुकान टंडवा अहाता आनंद भोज मोन्टी मेहानी ने नौकरनामा पेश नहीं किया था। उसके विरुद्ध भी कार्रवाई हुई थी।

### केस:3

गंज शराब दुकान कंपोजिट अहाता में अलग-अलग दिनों में 6 कर्मचारी ऐसे पाए गए थे, जिनके नाम नौकरनामा में शामिल नहीं थे। इन मामलों में कार्रवाई की गई थी।

### बनाना अनिवार्य है

नौकरनामा बनाना अनिवार्य है। नहीं बनवाने वाले या नौकरनामा में शामिल व्यक्तियों की जगह दूसरे कर्मचारी काम करते पाए जाने पर कार्रवाई की जा रही है।

- राजेश शर्मा, उपायुक्त, आबकारी विभाग रायपुर

### विभागीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

## 4 महीने से मानदेय नहीं, ब्लाक समन्वयक, हेल्प डेस्क फेसिलेटर ने एनएचएम कार्यालय का किया घेराव



हरिभूमि न्यूज : रायपुर

प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के मितानिन हेल्प डेस्क फेसिलेटर और ब्लाक समन्वयकों ने चार माह से लंबित मानदेय भुगतान की मांग को लेकर नवा रायपुर स्थित मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय का घेराव किया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष सरोज सिंह सेंगर और प्रदेश सचिव चंद्रकिशोर के नेतृत्व में लामबंद कर्मचारियों ने लंबित मानदेय के तत्काल भुगतान की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से जुड़े मितानिन हेल्प डेस्ट फेसिलेटर और ब्लाक समन्वयकों को पिछले चार माह से मानदेय का भुगतान नहीं होने से उन्हें आर्थिक संकट से जूझना पड़ रहा है। प्रदेशभर में करीबन 400 ब्लाक समन्वयक और 300 मितानिन हेल्प डेस्क फेसिलेटर हैं, जिनका मानदेय लंबित है। भुक्तभोगी कर्मचारियों ने संचालक संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं के नाम ज्ञापन सौंपकर मुख्यमंत्री द्वारा उदघाटित नवा सौगात योजना के माध्यम से सीधे एनएचएम रायपुर या मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारा द्वारा सीधे संबंधित कर्मचारियों के खाते में मानदेय की लंबित राशि का भुगतान किया जाने की मांग की है।

नवा रायपुर स्थित एनएचएम कार्यालय घेराव और ज्ञापन सौंपने के लिए बड़ी संख्या में प्रदेश भर से पहुंची। इस मौके पर महिलाओं ने मानदेय समय पर भुगतान नहीं होने से हो रही परेशानी को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित कराया।

### छत्तीसगढ़ को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए

## मुख्यमंत्री ने रवाना किया 'बाल विवाह मुक्ति रथ'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ को बाल विवाह मुक्त बनाने की दिशा में निर्णायक कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने गृहनगर जशपुर से 'बाल विवाह मुक्ति रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रथ पर बाल विवाह के दुष्परिणामों के बाबत जागरूकता फैलाने वाले संदेशों के साथ ही इसके खिलाफ शपथ लेने के लिए एक शपथ पट भी लगाया गया है। यह रथ 8 मार्च तक पूरे राज्य के गांवों और कस्बों से गुजरेगा। 'बाल विवाह मुक्ति रथ' भारत सरकार के बाल विवाह के खिलाफ 100 दिवसीय गहन राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) की एक पहल है। बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन नागरिक समाज संगठनों का देश का सबसे बड़ा नेटवर्क है, जिसके 250 से भी अधिक सहयोगी संगठन 450 जिलों में 2030 तक बाल विवाह को खत्म करने व बाल संरक्षण तंत्र को



मजबूती देने के लिए काम कर रहे हैं। बाल विवाह के खात्मे के लिए जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, "राज्य में पहले ही बाल विवाह का चलन काफी हद तक कम हो चुका है और हम बालोद जिले को बाल विवाह मुक्त घोषित कर चुके हैं। सरकार, नागरिक समाज संगठनों और स्थानीय प्रशासन के सतत प्रयासों से हम छत्तीसगढ़ से बाल विवाह के पूरी तरह खात्मे के प्रति आश्वस्त हैं।" 'बाल विवाह मुक्ति रथ' को हरी झंडी दिखाने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन जशपुर जिले में जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोगी संगठन समर्पित सेंटर फॉर पावर्टी एलिविएशन एंड सोशल रिसर्च ने किया।

## मिशन महिला शक्ति अभियान 8 से, एक माह चलेगा अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उत्कल महिला महामंच की प्रदेश अध्यक्ष सावित्री जगत के नेतृत्व में मिशन महिला शक्ति महाअभियान चलाया जाएगा। यह महाअभियान 8 फरवरी से शुरू होकर एक महीने तक चलेगा। अभियान का मुख्य मकसद राजधानी की झुग्गी बस्तियों में रहने वाली वंचित तबके की महिलाओं तक सीधे पहुंचकर उनके साथ संवाद स्थापित करना है। उत्कल महिला महामंच की प्रदेश अध्यक्ष सावित्री जगत ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महामंच से जुड़ी स्वयंसेविकाएं रायपुर की 100 से अधिक स्लम बस्तियों में जाकर महिलाओं से मिलेंगी। कार्यकर्ता महिलाओं के सुख-दुख का हिस्सा बनेंगी, उनकी व्यक्तिगत और सामूहिक चुनौतियों से रूबरू होंगी। यही नहीं, उनकी आवाज को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने सेतु का काम करेंगी। पत्रकारों से चर्चा करते हुए सावित्री जगत ने बताया कि राजधानी की महिलाओं को केन्द्र और प्रदेश सरकार में महिलाओं के लिए बनी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। महिलाओं के संरक्षण से जुड़े कानूनी अधिकारों के बारे में उन्हें सजग किया जाएगा।

## सिग्नल में भीख मांगने वाली बच्ची का अपहरण कर रेप, आरोपी गिरफ्तार

**बच्ची को खाना खिलाने के बहाने कार में बैठाकर वीआईपी रोड ले जाकर किया रेप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा आठ साल की मासूम का अपहरण कर रेप करने का मामला सामने आया है। आरोपी युवक ने अपनी बड़ी बहन के साथ सिग्नल में भीख मांग रही बच्ची को खाना खिलाने ले जाने का झांसा देकर वीआईपी रोड के सूनसान इलाके में ले जाकर रेप किया और बच्ची को वहीं रोते-बिलखते छोड़कर मौके से फरार हो गया, जिसे पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों के आधार पर पहचान कर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। घटना बुधवार रात साढ़े नौ बजे की है।

बच्ची के साथ रेप करने के आरोप में पुलिस ने मूलतः राजस्थान निवासी सुनील सोनी को गिरफ्तार किया है। बच्ची की



बड़ी बहन, जिसकी उम्र लगभग नौ साल है उसने पुलिस को बताया है कि वह अपनी छोटी बहन के साथ तेलीबांधा थाना के सामने ट्रैफिक सिग्नल के पास भीख मांग रही थी। इस दौरान कार सवार एक व्यक्ति दोनों बच्चियों के पास पहुंचा और उन्हें होटल में बढ़िया खाना खिलाने ले जाने का झांसा देकर कार में बैठा कर अपने साथ ले गया।

### बड़ी बहन को झांसा देकर कार से उतारा

सुनील दोनों बहनों को अपनी कार में बैठाने के बाद कुछ दूर बाद पीड़िता की बड़ी बहन को एक दुकान से कुछ खाने का सामान लाने के लिए पैसा दिया। पीड़िता की बड़ी बहन पैसा लेकर कार से जैसे ही उतरी, सुनील ने एक बच्ची को लेकर तेजी से कार चलाते हुए वीआईपी रोड की तरफ मोड़ दिया और सूनसान इलाके में ले जाकर उसने कार के अंदर बच्ची के साथ रेप किया और उसे वहीं रोते-बिलखते कार से उतारकर मौके से भाग गया।

### देर रात घर नहीं लौटने पर परिजन थाना पहुंचे

बच्ची देर रात घर नहीं पहुंची, तो उसके परिजन ने बच्ची की बड़ी बहन से पूछताछ की, तब उसने परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद बच्ची के परिजन तेलीबांधा थाना पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल घटना स्थल पहुंचकर सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कर आरोपी की पहचान कर रोती-बिलखती बच्ची को वीआईपी रोड से रेस्क्यू कर बच्ची का मेडिकल कराया।




### गांधी सदन में निगम आयुक्त के साथ जोन कमिश्नरों और अधिकारियों की ली बैठक

# महापौर मीनल ने कहा-पाइपलाइन का करें परीक्षण अवैध नल कनेक्शनों की जांच कर चलाएं अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में नगर निगम के दस जोनों की टीम अब वार्डों में निकलकर पानी के पाइप लाइन का परीक्षण कर अवैध नल कनेक्शनों का पता लगाएगी, साथ ही पानी के प्रेशर पर नजर रखेगी। अवैध नल कनेक्शन मिलने की स्थिति में निर्धारित शुल्क लेकर उसे नियमितीकरण कराने अभियान चलाया जाएगा। महापौर मीनल चौबे ने सभी जोन कमिश्नरों को यह निर्देश दिए।

निगम आयुक्त विश्वदीप के साथ गुरुवार को महात्मा गांधी सदन सभागार में महापौर मीनल चौबे ने निगम अधिकारियों की बैठक ली। इसमें गर्मी में नागरिकों को पेयजल आपूर्ति की तैयारी




और उसमें जोन कमिश्नरों की जवाबदेही को लेकर चर्चा हुई। बैठक में जल कार्य विभाग अध्यक्ष संतोष साहू, अपर आयुक्त पंकज शर्मा, अधीक्षण अभियंता पी.राजेश नायडू, राजेश राठौर, संजय बागड़े, जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेन्द्र, सभी जोन कमिश्नर शामिल हुए। राजधानी में गमी के मौसम को देखते हुए रायपुर नगर निगम सभी 70 वार्डों में सुगम पेयजल आपूर्ति की नियमित व्यवस्था की तैयारी में जुटा हुआ है। इसमें जोन कमिश्नरों को भी जवाबदेही दी जा रही है। महापौर मीनल चौबे ने वार्डों में गर्मी के दौरान नलों से पानी खींचने के लिए लगाए जाने वाले टूल्लू पंप जब्त करने की कार्रवाही करने अधिकारियों को निर्देशित किया, ताकि टेल एंड पर्याप्त प्रेशर के साथ लोगों के घरों में पीने का पानी आसानी से पहुंच सके। पेयजल संकट संभावित इलाकों में टैंकरों से पेयजल आपूर्ति के लिए कार्य योजना तैयार करने निर्देश दिए। बैठक में शामिल निगम आयुक्त विश्वदीप ने सभी जोन कमिश्नरों और अभियंताओं को शहर के पाइप लाइनों की ड्राइंग डिजाइन शीघ्र तैयार करने निर्देशित किया है।



हरिभूमि
रायपुर, शुक्रवार 6 फरवरी 2026
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

पगड़ी की चमक बढ़ाएंगे माणिक-मोती....

एजुकेशन अलर्ट

## यूपीएससी इंडियन फॉरेस्ट सर्विस के लिए आवेदन शुरू




**रायपुर।** यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन की ओर से भारतीय वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए नोटिफिकेशन जारी कर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया स्टार्ट कर दी गई है। जो भी अभ्यर्थी इस भर्ती परीक्षा की तैयारियों में लगे हैं, वे इसमें शामिल होने के लिए निर्धारित अंतिम तिथि 24 फरवरी 2026 तक ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल पोर्टल upsconline.nic.in पर जाकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। इस भर्ती में आवेदन के लिए पहले upsconline.nic.in पर जाकर पहले वन टाइम रजिस्ट्रेशन कर करना होगा। ओटीआर होने के बाद अभ्यर्थी इस एग्जाम में शामिल होने के लिए अन्य जानकारी दर्ज करके आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। आवेदन के साथ जनरल ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग को फीस के रूप में 100 रुपए जमा करना होगा। एससी, एसटी, पीडब्ल्यूडी एवं महिला वर्ग से आने वाले उम्मीदवार निशुल्क आवेदन पत्र भर सकते हैं।

### 180 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी

इस भर्ती के माध्यम से कुल 180 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। इसमें से अनरिजर्व के लिए 33, ओबीसी के लिए 21, एससी के लिए 12, एसटी के लिए 6 और ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए 8 पद आरक्षित हैं। भर्ती के लिए चयन प्रीलिम, मेंस एवं इंटरव्यू के माध्यम से किया जायेगा। विस्तृत डिटेल के लिए उम्मीदवार ऑफिशियल नोटिफिकेशन का अवलोकन कर सकते हैं।

### आईएफएस एग्जाम के लिए योग्यता

*इंडियन फॉरेस्ट सर्विस परीक्षा में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी का एनिमल हसबैंड्री एवं वेटरिनरी साइंस, बॉटनी, केमिस्ट्री, जियोलॉजी, मैथमेटिक्स, फिजिक्स, स्टैटिक्स एंड जूलॉजी, एग्रीकल्चर या अन्य निर्धारित विषयों में स्नातक पास होना आवश्यक है।अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं अधिकतम आयु 32 वर्ष निर्धारित है। आरक्षित श्रेणी से आने वाले उम्मीदवारों को ऊपरी आयु सीमा में छूट नियमानुसार प्रदान की जाएगी। उम्र की गणना 1 अगस्त 2026 को ध्यान में रखकर होगी।*

● मोबाइल स्क्रीन बेस्ड स्टडी और मनोरंजन से धीरे-धीरे लत की ओर बढ़ रहे बच्चे

# घंटों गेम खेलने, मना करने पर गुस्सा होने और स्कूल न जाने की जिद जैसी समस्याएं लेकर आ रहे बच्चों के पैरेंट्स

*बच्चों के लिए मोबाइल स्क्रीन की लत बिल्कुल ड्रग्स एडिक्शन यानी नशीली दवाओं की तरह होती है, जो दिमाग पर पूरी तरह काबू कर लेती है और फिर इनके आवरण से बच्चे खुद को बाहर निकाल ही नहीं पाते। ये कहना है शहर के जाने-माने मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. मिथुन दत्ता का। वे बताते हैं कि पिछले 5 सालों में, विशेषकर कोरोनाकाल के बाद बच्चों में स्क्रीन एडिक्शन के मामलों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी देखने को मिली है। इसकी वजह स्क्रीन बेस्ड स्टडी और मनोरंजन है, जिससे धीरे-धीरे बच्चे इस लत की ओर बढ़ते चले जा रहे हैं।*

**रायपुर।** वर्तमान में क्लीनिक में जो टीन एज स्क्रीन एडिक्शन के मामले आ रहे हैं, उनमें ज्यादातर पैरेंट्स की प्रॉब्लम रहती है कि उनके बच्चे रात-रातभर घंटों मोबाइल गेम खेलते रहते हैं, मना करने पर अत्याधिक गुस्सा करते हैं, और तो और, स्कूल नहीं जाने की जिद पकड़ लेते हैं। वहीं जिला अस्पताल पंडरी के मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. अविनाश शुक्ला का कहना है कि स्क्रीन एडिक्शन के जो केसेस देखने को मिल रहे हैं, उनमें पैरेंट्स बच्चों के स्क्रीन एडिक्शन पर बहुत ज्यादा देर से रिएक्ट कर रहे हैं। जब बच्चों का व्यवहार उनके लिए परेशानी का सबब बनने लगा है। ये भी बच्चों के एडिक्ट होने का एक बड़ी वजह बन रहा है।

### फिजिकल एक्टिविटी की ओर प्रेरित करने दे रहे सुझाव

विशेषज्ञ डॉक्टरों ने बताया कि क्लीनिक में पहुंच रहे पैरेंट्स को काउंसिलिंग के बाद अपने बच्चों को फिजिकल एक्टिविटी के लिए प्रेरित करने की सलाह दे रहे हैं। पैरेंट्स को अगर बच्चों को स्क्रीन एडिक्शन से बचाना है तो इसकी शुरुआत उन्हें ही करनी होगी। एडिक्ट होने की स्टार्टिंग से पहले ही बच्चों का पैरेंट्स ध्यान रखें और उन्हें फिजिकल एक्टिविटी की ओर प्रेरित करें, क्योंकि बच्चों को आउटडोर स्पोर्ट्स यानी खेलकूद स्वाभाविक तौर पर पसंद होते हैं। पैरेंट्स स्वयं भी बच्चों के सामने मोबाइल का उपयोग करने से बचें। वहीं जरूरी होने पर ही बच्चों को अपने निगरानी में बेहद सीमित समय के लिए ही स्क्रीन का उपयोग करने दें।



### मोबाइल पर होमवर्क भेजना किया बंद

स्टेट प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता का कहना है कि सभी प्राइवेट स्कूलों को यह निर्देशित किया गया है कि बच्चों को ऑनलाइन मोबाइल पर होमवर्क भेजना बंद कर दिया जाए। वहीं पालकों को भी समझाइश दी है कि स्कूल एप का उपयोग केवल वे ही करें, बच्चों से न कराएं। स्कूली बच्चों को स्क्रीन एडिक्शन से बचाने स्कूल प्रबंधन विशेष सावधानी का पालन कर रहे हैं।



### स्कूलों को स्पष्ट निर्देश दिए

जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर हिमांशु भारती ने बताया कि स्क्रीन एडिक्शन से बच्चों को दूर रखने जिले के सभी स्कूलों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि टीचर्स कक्षा में मोबाइल का प्रयोग न करें, बच्चों को स्कूल मोबाइल लेकर न आने दें और पैरेंट्स मीटिंग में स्क्रीन एडिक्शन को लेकर बच्चों के पैरेंट्स को जागरूक करें, जिससे इस प्रकार के समस्या से स्कूली बच्चे बच सकें।



### 7 से 14 वर्ष के बच्चे सबसे अधिक शिकार

मनोरोग विशेषज्ञों का मानना है कि सोसायटी में तेजी से 7 से 14 आयुवर्ग के बच्चे स्क्रीन एडिक्शन का शिकार हो रहे हैं। क्लीनिक में वर्तमान में जो केसेस आ रहे हैं, उनमें टीन एज के ही केसेस अधिक हैं, जो ऑनलाइन गेमिंग की लत में अपने आप को भुला दे रहे हैं। ऐसी स्थिति नई जनरेशन के लिए बेहद ही हानिकारक है। इसके लिए सोसायटी में डिजिटल एडिक्शन जागरूकता की आवश्यकता है।



सिटी इवेंट

## छत्तीसगढ़ की पलक सिंह ने देशभर के 7000 गेंदबाजों को पछाड़ा




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की उभरती हुई गेंदबाज पलक सिंह ने वुमेंस प्रीमियर लीग द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित 'स्पीड क्वीन ट्रायल' में इतिहास रच दिया है। पलक ने अपनी तेज गेंदबाजी के दम पर अंडर-19 श्रेणी में 'डब्ल्यू पीएल स्पीड क्वीन' का खिताब अपने नाम कर लिया है। इस प्रतियोगिता में पूरे देश से कुल 7000 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। पलक सिंह ने नागपुर में हुए पहले राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे राउंड में जगह बनाई। प्रतियोगिता का स्तर बेहद कठिन था, लेकिन पलक ने अपने जज्बे और रफ्तार से सभी को प्रभावित किया। दूसरे और निर्णायक राउंड में पलक सिंह ने 106 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंककर भारत के शीर्ष 3 गेंदबाजों में अपनी जगह पक्की की और स्पीड क्वीन का खिताब जीता। इस शानदार उपलब्धि के लिए उन्हें 1 लाख रुपए का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## चित्रकला और मूर्तिकला के लिए मां कौशल्या राष्ट्रीय अवार्ड करें शुरू

**रायपुर।** मध्य प्रदेश कालिदास राष्ट्रीय पुरस्कार की तरह छत्तीसगढ़ में भी माता कोसल्या राष्ट्रीय पुरस्कार शुरू करने की मांग संस्कृति सचिव डॉ. रोहित यादव से की गई। इस दौरान राज्य के मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस. विद्यार्थी, बी.एल. सोनी, साहित्यकार मेनका वर्मा, फोटोग्राफर प्रवीण कालमेघ, गुंजन शर्मा एवं छत्तीसगढ़ से ललित कला अकादमी, नई दिल्ली में प्रथम बोर्ड मेंबर डॉ. अंकुश देवांगन मौजूद थे। भारत के लगभग हर राज्यों में ललित कलाओं से संबंधित चित्रकला और मूर्तिकला को प्रमोट करने के लिए पुरस्कारों की व्यवस्था की गई है। लेकिन छत्तीसगढ़ में खैरागढ़ जैसा एशिया का पहला विश्वविद्यालय होने के बावजूद कोई पुरस्कार नहीं है। संस्कृति सचिव ने इसे बहुत ही अच्छी मांग बताया और कहा कि वे इस पर प्रमुखता से ध्यान देंगे। कलाकारों ने संस्कृत सचिव के साथ हुई विस्तृत चर्चा में बताया कि माता कोसल्या छत्तीसगढ़ की रहने वाली थी। जिसके कारण यहां के समस्त निवासी भगवान श्री राम को भांजे के रूप में पूजा करते हैं और भांजे के चरण पखारने की प्रथा पूरे विश्व में यहीं पाई जाती है।



रायपुर प्रेस क्लब के भव्य शपथ एवं पदभार ग्रहण समारोह में पहुंचे सीएम विष्णुदेव साय ने कहा

# पत्रकारिता करना साहस का काम, पत्रकारों के साथ सरकार

**रायपुर।** रायपुर प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की शपथ एवं पदभार ग्रहण समारोह का गुरुवार को आयोजन हुआ। रात 8 बजे प्रेस क्लब के नए पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मौजूदगी में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने उद्बोधन में प्रेस क्लब के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मीडिया लोकतंत्र की आधारशिला है। मीडिया ही है, जो साहस के साथ जनता की आवाज को बुलंद करती है। पत्रकारिता करना साहस का काम है और राज्य सरकार पत्रकारों के साथ हर परिस्थिति में सहयोग के लिए खड़ी है। समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि राज्य के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पदाधिकारियों को बधाई देते हुए पत्रकारों के हित में बेहतर काम करने की आशा व्यक्त की। वहीं समारोह के विशिष्ट अतिथि हरिभूमि-आईएनएच न्यूज की प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में पत्रकारों की आवाज को बुलंद करते आशा जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पत्रकार साथियों को पक्की छत की सौगात देंगे और मोदीजी की गारंटी को पूरा करेंगे। शपथ एवं पदभार समारोह में विधायक पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।



**सदस्य हुए उत्साहितः** पदभार एवं शपथ ग्रहण समारोह को लेकर भव्य तैयारी की गई थी। रायपुर प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के पदभार ग्रहण एवं शपथ लेने पर सदस्य खुशी और उत्साह से लबरेज दिखे। सदस्यों ने भी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

### इन नवनिर्वाचित पदाधिकारियों किया पदभार ग्रहण

*रायपुर प्रेस क्लब के नए अध्यक्ष मोहन तिवारी, महासचिव गौरव शर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेश यदु, संयुक्त सचिव निवेदिता साहू, संयुक्त सचिव भूपेश जांगड़े ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। सभी पदाधिकारियों ने रायपुर प्रेस क्लब के सदस्यों के हित में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने एवं कर्तव्यों का निर्वहन करने का विश्वास दिलाया।*

## छग स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह 8 को

**रायपुर।** सतनाम समिति के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन और सम्मान समारोह का आयोजन 8 फरवरी को सुबह 10 बजे से किया जाएगा। दोपहर 2 बजे से आयोजित अतिथि आगमन, स्वागत, उद्बोधन और सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा प्रमुख रुप से उपस्थित रहेंगे। विशेष अतिथि पार्षद चंदेश्वरी बांधे, छत्तीसगढ़ सतनामी समाज महिला विंग अध्यक्ष डॉ. पार्वती कुर्रे, युवा अध्यक्ष सत. समाज दुर्ग संभाग शीतल कोठारी, सतनाम भवन सेक्टर 6 भिलाई अध्यक्ष बी. एल. कुर्वे, सतनामी महिला जागृति समिति भिलाई अध्यक्ष पार्वती ढीढ़ी, तहसील सतनामी समाज दुर्ग उपाध्यक्ष बसंती गायकवाड़, अहेन्द्र चेलक महासचिव युवा सतनामी समाज रायपुर छ. ग., रामेश्वरी दिवाकर गायकवाड़, सतनाम भवन रिसाली भिलाई अध्यक्ष डी. आर. गुलशन सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

भारत रंग महोत्सव के तीसरे दिन मोहन राकेश की रचना फिर आषाढ़ का एक दिन का मंचन

कार्नर न्यूज

# फिर आषाढ़ का एक दिन नाटक का मंचन, नारी व्यथा और जीवन की विडंबना ने किया भावुक



**रायपुर।** भारत रंग महोत्सव के तीसरे दिन गुरुवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में मोहन राकेश की रचना फिर आषाढ़ का एक दिन का मंचन हुआ। शाम 7 बजे से नाटक देखने नाट्य प्रेमियों का हुजूम उमड़ पड़ा। महोत्सव में मोहन राकेश रचित फिर आषाढ़ का एक दिन का नाट्य मंचन तनूजा के निर्देशन में कला और संस्कृति का उदय संस्थान भोपाल के रंगकर्मियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। नाटक में महाकवि कालिदास और उनकी प्रेमिका मल्लिका की प्रेमकथा की जीवंत प्रस्तुति दर्शकों के दिल में उतर गई। नाटक की कहानी, संवाद, मंच सज्जा, वेशभूषा और अभिनय कौशल ने दर्शकों को भावविभोर किया। महोत्सव में नाटक की शुरुआत कालिदास के जीवन के उस मोड़ से होती है, जब वे उज्जैन के राजदरबार में जाने का निर्णय लेते हैं। नाटक में कवि के अंतर्द्वंद्व और उनके जीवन की विडंबनाओं को बड़ी गहराई से प्रस्तुत किया गया। मल्लिका के चरित्र के माध्यम से एक ऐसी नारी की व्यथा को दिखाया गया, जो अपने प्रिय की प्रतिभा को पहचानती है और उसे ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित करती है, भले ही इसका अर्थ उससे बिछड़ना ही क्यों न हो। साथ ही इसमें कला और कलाकार के जीवन के यथार्थ को भी दर्शाया गया। भारत रंग महोत्सव को लेकर नाट्य प्रेमियों का आकर्षण बरकरार है। नाट्य प्रेमी देर रात तक नाटक का आनंद उठाने जमे रहे।



### जीवंत अभिनय ने दर्शकों बांधे रखा

कलाकारों ने नाटक में जीवंत अभिनय और भावनात्मक गहराई के साथ मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक ताने-बाने को दर्शकों तक पहुंचाने में कामयब रही। तनुजा के निर्देशन में नाटक दर्शकों के अपेक्षा पर खरा उतरा। कला और संस्कृति का उदय संस्थान भोपाल के रंगकर्मियों ने अपने सशक्त अभिनय से नाटक को बेहद आकर्षक और मनोरंजक बना दिया। यह नाटक मंचन महोत्सव के मुख्य आकर्षणों में से एक रही, जिसने दर्शकों पर एक गहरी छाप छोड़ी और पूरे नाटक के दृश्य व पात्र प्रस्तुति ने उन्हें बांधे रखा।

### दर्शकों और नाट्यदल के बीच रंग संवाद

नाटक के उपरांत दर्शकों और नाट्यदल के बीच रंग संवाद का आयोजन किया गया, जिसमें नाटक की विषयवस्तु, निर्देशन और अभिनय पर गहन चर्चा हुई। दर्शकों ने कलाकारों से कई सवाल किए, जिनका नाट्यदल ने सटीक जवाब दिया गया। इससे रंगमंच कला में रुचि रखने वाले नवोदित कलाकारों के लिए नाट्य अभिनय, निर्देशन को समझने का मौका मिला।

**सिटी लाइव**

## खेल-कला और विज्ञान प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं की निखरी प्रतिभा



**रायपुर।** स्वामी आत्मानंद आदर्श महाविद्यालय अटारी में वार्षिक प्रतिभा प्रदर्शन प्रतियोगिता का आयोजन 2 से 5 फरवरी तक महाविद्यालय परिसर में किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. राजलक्ष्मी सेलट ने किया। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में शिक्षा के साथ-साथ उनकी प्रतिभा निखारने का अवसर देना रहा। विभिन्न प्रतियोगिताओं के अंतर्गत प्रश्नमंच प्रतियोगिता, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, वाद-विवाद प्रतियोगिता, तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता, विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता, कक्षा सजावट, अल्पना रंगोली, अग्निरहित पकवान एवं अंत में समापन आनंद मेला के साथ किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कलात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के हाथों पुरस्कृत किया जाएगा।

### यह रहे विजेता

इन प्रतियोगिताओं में विशाल, भार्गव, वंश, प्रिया निषाद, यामिनी, रेणुका, ज्योति, खुशी साहू, यशवंत, अंतर्यामी, दानिश, स्नेहा, धनेश्वरी, दिपीका, लेखा, नितीश आदि विजेता रहें। संपूर्ण प्रतियोगिताओं का संचालन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी शांति कुमारी राजवाडे के मार्गदर्शन में समस्त प्राध्यापकगण के सहयोग से किया गया।

**इवेंट लाइव**

## लता महोत्सव कल, संगीतकार उत्तम सिंह का करेंगे सम्मान

**रायपुर।** अटल नगर नवा रायपुर में लता महोत्सव-2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 7 फरवरी को सत्य सांई ऑडिटोरियम में शाम 6.30 बजे अटलनगर नवा रायपुर में होगा। आयोजन स्वर्णिम धरोहर लता फाउंडेशन की ओर से आयोजित किया जा रहा है। इस महोत्सव के मंच से भारतीय सिने जगत के नामचीन संगीतकार और अरेंजर उत्तम सिंह को स्वर्णिम धरोहर लता सम्मान प्रदान किया जाएगा। वहीं इस समारोह में सांस्कृति प्रस्तुतियों की महफिल सजेगी।

### स्वर्णिम धरोहर लता फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजन

स्वर्णिम धरोहर लता फाउंडेशन के संस्थापक मनोज कुमार शर्मा और संस्था के अध्यक्ष सीमा सुरक्षा बल के भूतपूर्व महानिदेशक अखिलेश्वर सिंह ने बताया कि भारत रत्न लता मंगेशकर के नाम पर स्थापित देश के इस बेहद प्रतिष्ठित गैर सरकारी सम्मान के तहत उत्तम सिंह को लताजी की 7 किलो वजनी एक कांस्य प्रतिमा और 1 लाख 21 हजार रुपए की धनराशि के साथ प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस संगीतमय समारोह में ऑर्केस्ट्रा की प्रस्तुति होगी। साथ ही इस मंच पर जबलपुर से देश के प्रसिद्ध बांसुरी वादक मुरलीधर नागराज प्रस्तुति देंगे।

**समाज इवेंट**

## दुर्गा महाविद्यालय के पूर्व छात्रों का मिलन समारोह 10 को




**रायपुर।** दुर्गा महाविद्यालय के प्रारंभ होने से लेकर वर्ष 2025 तक के पूर्व छात्रों का मिलन समारोह 10 फरवरी को सुबह 11 बजे दुर्गा महाविद्यालय परिसर में आयोजित है। उक्त जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी राजकुमार राठी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुलिस कमिश्नर रायपुर संजीव शुक्ला एवं विशिष्ट अतिथि पंडवानी गायिका उषा बारले एवं संगीतकार पद्मश्री मदन चौहान होंगे।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रतिभा मुखर्जी साहूकार करेंगी।

### ये रहे उपस्थित

एलुमनी कमेटी के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने के लिए एक बैठक महाविद्यालय परिसर में हुई, जिसमें प्रमुख रूप से सत्यप्रकाश झुनझुनवाला, अमरजीत सिंह संधू, अश्विन बटाविया, अजय दानी, संतोष अग्रवाल, राजकुमार राठी, बालकिशन अग्रवाल, विनय शर्मा, रजी मोहम्मद, आलोक अग्रवाल, रामअवतार तिवारी, जेपी उपाध्याय, हरेराम शर्मा एवं महाविद्यालय की ओर से प्रो. अजय शर्मा, अजय चंद्राकर उपस्थित रहे। श्री राठी ने बताया कि समारोह में छात्र अपने अनुभव साझा कर अपने कॉलेज के दिनों को याद करेंगे।

**शादी में दूल्हे के लिए 10 हजार तक की पगड़ी और साफा, ट्रेंड के अनुसार बढ़ रही मांग**

# पगड़ी की चमक बढ़ाएंगे माणिक-मोती, कलगी के लिए 'राजस्थानी और राजपूताना' पहली पसंद

शादी-ब्याह का सीजन शुरू हो चुका है। विवाह में इस्तेमाल होने वाली आवश्यक सामग्री से बाजार सजकर तैयार है। पहले केवल शादियों में ही पगड़ी और साफा का उपयोग किया जाता था, लेकिन बदलते समय के साथ अब सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों में भी लोग पगड़ी पहनना पसंद कर रहे हैं। इस वजह से बाजार में अब इसकी मांग सालभर बनी रहती है। दूल्हे के लिए खरीदी जाने वाली पगड़ी की कीमत बाजार में 400 रुपए से शुरू है।



**रायपुर।** ब्रांडेड कंपनी की पगड़ी लगभग 9 हजार रुपए तक में उपलब्ध है। राजस्थानी और राजपूताना पगड़ी पहली पसंद बनी हुई है। पगड़ी के साथ लगने वाली अन्य वस्तुएं कलगी, माला को मिलाकर करीब पांच से पंद्रह हजार रुपए तक की सामग्री दूल्हे के लिए खरीदी जा रही है। मोतियों से डिजाइन की हुई पगड़ी की बाजार में इन दिनों पूछपरख अधिक है। ट्रेंड के अनुसार दूल्हे से लेकर बारातियों के लिए एक से बढ़कर एक डिजाइनर पगड़ी मार्केट में उपलब्ध है।

### खानदानी परंपरा के अनुसार कलगी, ऑर्डर पर होती है तैयार

पगड़ी को आकर्षित बनाने के लिए अब बाजार में लोग अपनी पसंद से डिजाइन भी करा रहे हैं। गोलबाजार स्थित एक पगड़ी दुकान संचालिका अनामिका उपाध्याय ने बताया कि रेडीमेड पगड़ी और साफा 10 हजार तक उपलब्ध है, लेकिन लोग पगड़ी की चमक बढ़ाने के लिए माणिक रत्न, मोती से कलगी तैयार करा रहे हैं। कुछ लोग अपने खानदानी परंपरा के अनुसार कलगी लगाते हैं, जो ऑर्डर पर बनाई जाती है। इसकी कीमत 15 से 20 हजार तक पहुंच जाती है। अब बाजार में महिलाओं के लिए अलग से पगड़ी आने लगी है। साफा व पगड़ी से मैच करते फूल, गजरे व हैंड-बैंड इस समय ट्रेंड में हैं। युवतियां भी अपने फैशन के अनुसार पगड़ी तैयार करा रही हैं।



### पगड़ी बांधने में 2 से 3 मिनट

फरवरी में दर्जन दिन शादियों के शुभ मुहूर्त हैं। इस वजह से बाजार में इन दिनों किराए वाली पगड़ी और साफा की मांग बढ़ गई है। आजकल की शादियों में दूल्हे के साथ जितने भी बाराती होते हैं, वे भी फैशन के तौर पर पगड़ी या साफा पहनना पसंद करते हैं। ऐसे में लोग अब पगड़ी बांधने के लिए अलग से डिजाइनर को हायर कर रहे हैं। पगड़ी विक्रेता नरेंद्र खंडेलवाल का कहना है, साफा या पगड़ी बांधना भी एक कला है। उन्हें साफा या पगड़ी बांधने में महज 2 से 3 मिनट का समय लगता है, लेकिन जिसे साफा या पगड़ी बांधना नहीं आता, वह किसी शख्स के सिर पर पगड़ी और साफा बांधना चाहता है तो उसे काफी समय लग सकता है। हम शादियों में एक घंटे में 100 लोगों के सिर पर पगड़ी बांध देते हैं। लोग इन दिनों किराए पर साफा लेना पसंद कर रहे हैं। एक साफा का किराया लगभग 150 रुपए से 250 रुपए तक है।

### साफा बनवाना पसंद कर रहे लोग

साफा और पगड़ी दुकानदार कैलाश ताम्रकार ने बताया, चेहरे के अनुसार साफा बांधा जाता है। उसमें कितना उठाव रहेगा या कितना झुकाव रहेगा, इस बात का ध्यान रखना होता है। उन्होंने बताया कि वे पिछले 28 सालों से साफा बांधने के काम में माहिर हैं। पहले साफा में इस्तेमाल होने वाले कपड़ा फ्लॉवर पिंक होता था, लेकिन अब लहरिया पचरंगी, गुलाबी लहरिया और नीला लहरिया जैसे साफा का चलन ज्यादा है। बदलते दौर में लोग साफा या पगड़ी खरीदने के बजाय साफा बनवाना ज्यादा पसंद कर रहे हैं।

## आंतरिक क्षमताओं को पहचानने, अपनी कमियों को सुधारने के बताए तरीके



**रायपुर।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में अंग्रेजी विभाग के तत्वावधान में आज साफ्ट स्किल सीखाने के उद्देश्य से छात्र विकास कार्यक्रम का राधा कृष्णन हॉल में किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों के व्यक्तित्व को निखारना और उन्हें भविष्य की पेशेवर चुनौतियों के लिए तैयार करना है।

महाविद्यालय के डॉ. राधा कृष्णन हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में विभिन्न संकायों के कुल 170 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। यह कार्यक्रम 10 फरवरी तक, सोमवार से शनिवार, सुबह 10:30 से 11:30 बजे तक संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम के पहले दिन प्राचार्य ने छात्रों को प्रोत्साहन देते हुए भविष्य में इसी तरह की भागीदारी रखते हुए विभिन्न तरह के क्लब बनाने और सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष द्वारा प्रो. मर्सी जॉर्ज ने मुख्य वक्ता के रूप में छात्रों का मार्गदर्शन किया। इस गतिविधि के माध्यम से छात्रों को अपनी आंतरिक क्षमताओं को पहचानने, अपनी कमियों को सुधारने और बाहरी अवसरों का लाभ उठाने के वैज्ञानिक तरीकों के बारे में बताया गया। डॉ. जॉर्ज ने समझाया कि आत्म-जागरूकता ही व्यक्तिगत विकास की पहली सीढ़ी है। यह छात्र विकास कार्यक्रम केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह छात्रों को कॉर्पोरेट जगत और व्यावहारिक जीवन के लिए तैयार करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। आने वाले दिनों में विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा निम्नलिखित महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग कार्यक्रम की संयोजक डॉ. निगार अहमद तथा अन्य सभी प्राध्यापकगण डॉ .तरलोचन कौर, डॉ मीना मान , डॉ सीमा पंजवानी, डॉ राजश्री नायडू डॉ मोनिका शर्मा एवं डॉ. कुंदन कुमार यादव उपस्थित रहे। अंग्रेजी विभाग के स्नातकोत्तर छात्र एवं छात्राओं ने वॉलेंटियर के रूप में पूर्ण प्रतिभागिता निभायी एवं कार्यक्रम को संचालित किया।





## फेडरेशन कप वॉलीबॉल में रेलवे, केरल और राजस्थान का दबदबा, महिला-पुरुष वर्ग में दिखे रोमांचक मुकाबले

**रायपुर।** 37वीं फेडरेशन कप वॉलीबॉल चैंपियनशिप के तीसरे दिन गुरुवार को महिला और पुरुष वर्ग में कई कड़े मुकाबले देखने को मिले। मैदान पर खिलाड़ियों के बीच अंकों के लिए कड़ा संघर्ष हुआ, जिसमें भारतीय रेलवे, केरल और राजस्थान की टीमों ने अपने-अपने मैच जीतकर अगले दौर के लिए अपनी स्थिति मजबूत की। दिन की शुरुआत महिला वर्ग के कड़े मुकाबले से हुई, जहां भारतीय रेलवे ने राजस्थान को 3–1 से पराजित किया। राजस्थान ने पहले सेट में बढ़त बनाई थी, लेकिन रेलवे ने शानदार वापसी करते हुए मैच 18-25, 25-16, 25-23 और 25-22 के स्कोर से अपने नाम किया। दूसरे मैच में इंडियन यूनिवर्सिटी ने छत्तीसगढ़ को एकतरफा मुकाबले में 3–0 (25-20, 25-15, 25-17) से शिकस्त दी। वहीं, एक अन्य मुकाबले में केरल ने हरियाणा पर अपना दबदबा कायम रखते हुए 3–0 (25-16, 25-19, 25-20) से जीत दर्ज की।

### पुरुष वर्ग: राजस्थान और तमिलनाडु का शानदार प्रदर्शन

पुरुष वर्ग में राजस्थान और छत्तीसगढ़ के बीच रोमांचक भिड़ंत हुई। राजस्थान ने बेहतर तालमेल का प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ को सीधे सेटों में 3–0 (25-22, 25-19, 26-24) से हरा दिया। एक अन्य महत्वपूर्ण मुकाबले में तमिलनाडु ने इंडियन यूनिवर्सिटी को 3–1 से मात दी। इस मैच में दोनों टीमों के बीच हर अंक के लिए लंबी रैलियां देखने को मिलीं। मैच का फाइनल स्कोर 25-13, 23-25, 25-23 और 25-23 रहा। चैंपियनशिप के अगले दौर के मुकाबले आज खेले जाएंगे।

**ट्रैवल कंपनियां 7 से 14 फरवरी तक 80 हजार से 5 लाख तक में कपल को करा रहीं विदेश यात्रा**

# वैलेंटाइन-डे सेलिब्रेट करने कपल की पहली पसंद लक्षद्वीप- बाली, फ्री वीजा देश को पहले प्राथमिकता

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** वैलेंटाइन-डे में अब केवल 9 दिन शेष बच गए हैं। युवाओं ने इस दिन को खास बनाने के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। वैलेंटाइन-डे सेलिब्रेट करने कपल्स की पहली पसंद लक्षद्वीप, बाली, थाईलैंड शहर बने हुए हैं। शहर के ज्यादातर लोगों ने इन जगहों को चुना है। ट्रैवल कंपनी के मुताबिक, पिछले साल की तुलना में इस बार वैलेंटाइन-डे पर विदेश जाने वाले कपल्स की संख्या बढ़ी है। लोगों ने एक से दो महीने पहले ही ट्रेन व फ्लाइट की बुकिंग करा ली है। कंपनियां वैलेंटाइन-डे पर सात दिनों का विदेश टूर पैकेज ऑफर दे रही हैं, जिससे शहर के लोग बड़ी संख्या में जुड़ रहे हैं। देश के भीतर उत्तराखंड में नैनीताल, शिमला, मनाली और गोवा, श्रीनगर समेत जयपुर और गुजरात के लिए बुकिंग कराई जा रही है। 40 हजार से 5 लाख तक सिंगापुर, दुबई, अंडमान, थाईलैंड, बैंकॉक को लेकर लोगों ने ट्रैवल कंपनी से बुकिंग कराई है। ये पैकेज 5 रात और 6 दिन के हिसाब से तय किए गए हैं। इसमें कपल को विदेश में 5 स्टार होटल में सुविधाएं दी जा रही हैं।





### मालदीव की जगह लक्षद्वीप पसंद

*हर साल राजधानी से मालदीव बड़ी संख्या में कपल्स जाते थे, लेकिन मालदीव और भारत के बीच विवाद होने से इस बार कपल्स ने लक्षद्वीप को वेलेंटाइन-डे डेस्टिनेशन बनाया है। ट्रैवल कंपनी के प्रशांत सोलंकी ने बताया कि अभी तक 18 कपल्स लक्षद्वीप के लिए बुकिंग करा चुके हैं। इसके अलावा बाली जाने 8 और थाईलैंड व सिंगापुर जाने 6 कपल्स ने 80 हजार से 1 लाख तक का टूर पैकेज बुक कराया है। कंपनी का कहना है कि दुबई के लिए लोगों को आसानी से वीजा बन रहा है। इस वजह से यहां जाने वालों की संख्या अब बढ़ रही है। वैलेंटाइन को लेकर कंपनी सामान्य दिनों की तुलना में लोगों को 15 प्रतिशत की छूट दे रही है।*

### विदेश में समुद्री और पहाड़ी क्षेत्र के लिए अधिक बुकिंग

वैलेंटाइन डे के नजदीक आते ही ट्रैवल कंपनी को 40 से अधिक कॉल आ रहे हैं। ट्रैवल कपंनी के शकील रजा ने बताया कि कपल्स वैलेंटाइन पर समुद्री जगह जाना चाहते हैं। ज्यादातर की पहली पसंद पहाड़ी क्षेत्र बने हुए हैं। विदेश जाने भारतीयों को 62 देशों में वीजा फ्री एंट्री है, जिसमें दर्जन देशों में कंपनी ने टूर पैकेज बनाए हैं। मॉरीशस, ओमान, टोगो और सोमालिया व श्रीलंका आदि देशों को भी इस बार शामिल किया है। यहां जाने वाले पर्यटक फिलहाल कम हैं, लेकिन समुद्र और पहाड़ों पर ट्रैवल करने के शौकीन लगातार इन जगहों की जानकारी ले रहे हैं।

### 2 लाख में कश्मीर और शिमला का सफर

शहर के भीतर सभी राज्यों में सफर करने ट्रैवल कंपनियां विशेष ऑफर दे रही हैं। रायपुर से कश्मीर और शिमला जाने 30 से अधिक लोगों ने बुकिंग करा ली है। 2 लाख में फाइव स्टार सुविधा के साथ यह सफर कराया जा रहा है। इसके अलावा यात्रा 50 हजार में भी कम सुविधा में कराई जा रही है। कंपनी का कहना है कि पैकेज में फ्लाइट, गाड़ी, होटल, खाने से लेकर घूमना तक शामिल है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ का थाई बॉक्सिंग दल नेशनल में हिस्सा लेने हैदराबाद रवाना



**रायपुर।** 12वीं राष्ट्रीय फेडरेशन कप राष्ट्रीय थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप सह प्रो फाइट नाईट 06 से 08 फरवरी तक एल बी स्टेडियम, हैदराबाद (तेलंगाना) में होने जा रही है। जिसमें छत्तीसगढ़ का 08 सदस्यीय दल भाग लेगा।

एसजीएफआई से मान्यता प्राप्त रही संस्था थाई बॉक्सिंग इण्डियन फेडरेशन के तत्वावधान में तेलंगाना थाई बॉक्सिंग एसोसिएशन की ओर से यह आयोजन होने जा रहा है। छत्तीसगढ़ की टीम में रायपुर से 06 और दंतेवाड़ा से 02 सदस्य शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि भावी बोर्ड, स्थानीय परीक्षाओं के मद्देनजर कई महिला, पुरुष खिलाड़ियों ने अपना नाम वापस ले लिया। टीम के खिलाड़ी गुरुवार को छत्तीसगढ़ थाई बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष अनीस मेमन के मार्गदर्शन में और शेष दंतेवाड़ा के खिलाड़ी खेल एवं युवा कल्याण विभाग की कोच टिकेश्वरी साहू के साथ रवाना हुए। रायपुर रेल्वे स्टेशन में थाई बॉक्सिंग संघ के जागेश्वर डडसेना, महेन्द्र साहू और घृतेश साहू सहित खिलाड़ियों के परिजनों ने शुभकामनाएं दी। दल में रायपुर से पल्लवी साहू, प्रियंका साहू, मानसी तांडी, दीपाली बघेल, पिंकी गुप्ता, दंतेवाड़ा से लच्छी कवासी अधिकारी गण अनीस मेमन (रायपुर), टिकेश्वरी साहू (खेल एवँ युवा कल्याण विभाग, दंतेवाड़ा) शामिल हैं।

### एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र क्रिकेट के लिए भिलाई की टीम तैयार



**भिलाई।** बोकारो स्टील लिमिटेड की ओर से 10 से 14 फरवरी तक आयोजित एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र क्रिकेट प्रतियोगिता में भिलाई स्टील प्लांट की टीम भी भाग लेगी। इस हेतु एक चयनस्पर्धा का आयोजन गुरुवार को बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-10 में किया गया। इस चयन स्पर्धा में 25 खिलाड़ियों ने भाग लिया। बल्लेबाजी, गेंदबाजी एवं क्षेत्ररक्षण में प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन किया गया। इनमें अनिल सिंह (कप्तान), जयप्रकाश आर्य, अरविंद सिंह, विमल कुमार साहू, विनय कुमार, अर्जुन त्यागी , संतु दीपक खिचरिया, वीरेंद्र कुमार, मुकेश कुमार वर्मा, अजय विलियम, वार्ड खिलाड़ी प्रक्षाल जैन आयुष हिमांशु एवं आयुष सिंह वर्मा (विकेटकीपर) टीम के कोच एवं मैनेजर राधेश्याम शामिल हैं। इस चयन स्पर्धा के चयनकर्ता वी मोहनदास एवं सुरेश सोनपिपरे, प्रभारी अभिजीत भौमिक उप प्रबंधक क्रीडा संस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग बीएसपी थे।

### प्लेट ग्रुप दूसरे राउंड के मुकाबले आज से



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वर्ग प्लेट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे राउंड के तीन दिवसीय मैच 6 फरवरी से 8 फरवरी तक होंगे। इनमें बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में रायगढ़ विरुद्ध कोरिया जिला, आरडीसीए रायपुर में कवर्धा विरुद्ध धमतरी, दल्ली राजहरा में दुर्ग विरुद्ध दन्तेवाड़ा, दिग्विजय स्टेडियम राजनंदगांव में नारायणपुर विरुद्ध जशपुर, धमतरी में कोरबा विरुद्ध बस्तर और न्यू ग्राउंड कांकेर में महासमुंद विरुद्ध कांकेर के बीच मुकाबला होगा।

### ईस्ट जोन ट्रॉयल के लिए जिला क्रिकेट संघ की चयन सूची जारी



**रायपुर।** स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा निर्देशित अंडर-15 और अंडर-19 का ट्रायल क्रिकेट संघ बिलासपुर द्वारा कोनी बिलासपुर के आधारशिला विद्या मंदिर स्कूल के मैदान में कराया गया। कुल 31 महिला खिलाड़ियों ने ट्रायल दिया। जिसमें 17 खिलाड़ी अंडर-15 वर्ग के और14 खिलाड़ी अंडर-19 के सम्मिलित थे। चयनकर्ता के रूप में अभिषेक सिंह, सुशांत शुक्ला और अभिनव शर्मा उपस्थित थे।

ट्रायल के दौरान सभी महिला खिलाड़ियों ने अपने क्रिकेट कौशल का प्रदर्शन चयनकर्ता के सामने किया। जिसमें सर्वप्रथम रनिंग और फिटनेस कराया गया उसके पश्चात गेंदबाजी और बल्लेबाजी कराए गए. इसके बाद ही ईस्ट जोन के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया। वूमेंस अंडर 15 पावनी तिवारी, आद्या सेनगुप्ता, आर्या गौरहा, मान्या रजक, लावण्या देशमुख, आराध्य शर्मा, नीलिमा पटेल, किंजल यादव, मोक्षदा वर्मा, रिया साहू, डिम्पल यादव, आराध्य स्वर्णकार शामिल हैं।

शरीर को डिटॉक्स रखने उठाएं जरूरी कदम

# रोज सुबह की ये एक आदत आपकी सेहत में ला सकती है बड़ा बदलाव, आज से ही करें शुरुआत

स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए खाली पेट नींबू पानी पीना एक आसान और प्रभावी तरीका माना जाता है। यह न केवल शरीर को डिटॉक्स करता है, बल्कि पाचन, वजन नियंत्रण, त्वचा, हृदय, और मस्तिष्क स्वास्थ्य में भी मदद करता है।

खान-पान में सुधार करके आप कई प्रकार के स्वास्थ्य लाभ पा सकते हैं। आप क्या खाते-पीते है इसका सेहत पर सीधा असर होता है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को आहार में सुधार करने की सलाह देते हैं। रोजाना नींबू पानी पीना सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद होता है, खासकर जब इसे सुबह खाली पेट पिया जाए। नींबू में विटामिन सी, एंटीऑक्सिडेंट्स और अन्य पोषक तत्व होते हैं जो शरीर को डिटॉक्स करने, पाचन सुधारने और इम्युनिटी बढ़ाने में मदद करते हैं।

स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए खाली पेट नींबू पानी पीना एक आसान और प्रभावी तरीका माना जाता है। यह न केवल शरीर को डिटॉक्स करता है, बल्कि पाचन, वजन नियंत्रण, त्वचा, हृदय, और मस्तिष्क स्वास्थ्य में भी मदद करता है। वैज्ञानिक शोधों से भी यह सिद्ध होता है कि नींबू पानी नियमित रूप से पीने से




शरीर को कई लाभ मिलते हैं। अगर आप वजन कम करने के लिए प्रयास कर रहे हैं तो नींबू पानी पीना आपके लिए अच्छा विकल्प हो सकता है।

## खाली पेट नींबू पानी पीने के लाभ

खाली पेट नींबू पानी पीना पाचन तंत्र को सुधारने, वजन घटाने से लेकर शरीर को डिटॉक्स करने और त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। यदि आप इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहते हैं, तो सुबह एक गिलास गुनगुने पानी में आधा नींबू निचोड़कर पीना सबसे अच्छा रहता है। हालांकि यदि आपको पेट में अल्सर, एसिडिटी रहती है तो पहले डॉक्टर से परामर्श जरूर लें। नींबू पानी सेहत को कई लाभ दे सकता है।

## पाचन स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद

नींबू पानी पेट में गैस्ट्रिक जूस (पाचन रस) के स्राव को उत्तेजित करता है, जिससे भोजन पचाने में मदद मिलती है। अध्ययनों में पाया गया है कि नींबू का साइट्रिक एसिड गैस्ट्रिक जूस के उत्पादन को बढ़ाता है, जिससे पाचन में सुधार होता है। खाली पेट इसके सेवन से आपको कई



लाभ हो सकते हैं।

## वजन कम करने में मददगार

नींबू पानी शरीर के मेटाबॉलिज्म को तेज करता है, जिससे कैलोरी अधिक बर्न होती है और वजन घटाने में सहायता मिलती है। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ ओबेसिटी में प्रकाशित एक अध्ययन सेपता चलता है कि सुबह गुनगुना नींबू पानी पीने से मेटाबॉलिज्म दर 30% तक बढ़ सकती है। ये वेट लॉस करने में आपके लिए बहुत



मददगार हो सकती है।

## शरीर से निकलती है गंदगी

नींबू पानी किडनी और लिवर के टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मदद करता है, जिससे शरीर साफ रहता है। अध्ययन बताते हैं कि नींबू का एंटीऑक्सिडेंट गुण लिवर एंजाइम्स को एक्टिव करता है, जिससे डिटॉक्सिफिकेशन तेज होता है।

## इम्युनिटी होती है मजबूत

नींबू में मौजूद विटामिन-सी सफेद रक्त कोशिकाओं को बढ़ावा देता है, जिससे बीमारियों से बचाव होता है। विटामिन-सी वायरल और बैक्टीरियल इंफेक्शन से लड़ने की क्षमता को बढ़ाता है। नियमित रूप से नींबू पानी पीने से आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता में सुधार होता है।

# लोहे की कड़ाही और पतीले को बचाने बरतें सावधानी



लोहे की कड़ाही का इस्तेमाल करते हैं, तो उसका सही रखरखाव भी आना चाहिए। क्या आपको पता है जाने-अनजाने में हम ऐसी गलतियां कर देते हैं जिससे लोहे की कड़ाही खराब होने लगती है? लोहे की कड़ाही और पतीले अधिकांश किचन का हिस्सा हैं। इन बर्तनों में पकाया गया खाना न सिर्फ स्वादिष्ट होता है, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। लेकिन अगर सही देखभाल न की जाए, तो यह जल्दी खराब हो सकते हैं।

## खट्टी चीजों को बिल्कुल न बनाएं

अगर आप लोहे की कड़ाही में खट्टे खाद्य पदार्थ जैसे कि टमाटर, इमली, नींबू या सिरका डालकर ज्यादा देर तक रखते हैं, तो इससे इसकी सतह कमजोर हो सकती है। खट्टे पदार्थों में एसिड होता है, जो लोहे के साथ रिएक्शन करके उसकी सतह को खराब कर सकता है और जंग लगने की संभावना को बढ़ा सकता है। इतना ही नहीं, इससे खाने का स्वाद भी बदल सकता है।

## नमी और पानी

लोहे की कड़ाही और पतीले को अगर गीला छोड़ दिया जाए, तो यह जल्दी ही जंग पकड़ सकते हैं। पानी के संपर्क में ज्यादा देर तक रहने से लोहे पर ऑक्सीडेशन की प्रक्रिया तेज हो जाती है, जिससे जंग लगने लगता है।

सावधानीः बर्तन धोने के बाद उसे तुरंत कपड़े से पोंछकर सुखा लें और हल्का-सा सरसों या नारियल का तेल लगाकर रखें। इससे जंग लगने की संभावना बहुत कम हो जाती है।

## डिटर्जेंट और साबुन का इस्तेमाल न करें

बहुत से लोग लोहे की कड़ाही को साफ करने के लिए हार्ड केमिकल्स वाले डिटर्जेंट या साबुन का इस्तेमाल करते हैं, जिससे इसकी प्राकृतिक कोटिंग हट जाती है। लोहे के बर्तन पर बनी यह कोटिंग इसे जंग से बचाने में मदद करती है। अधिक मात्रा में केमिकल वाले साबुन से इसे धोने से यह कोटिंग धीरे-धीरे खत्म होती है और बर्तन कमजोर हो जाता है।

सावधानीः लोहे के बर्तनों को साफ करने के लिए हल्के गुनगुने पानी और नमक या राख का उपयोग करें। स्टील वूल की जगह मुलायम स्क्रबर का इस्तेमाल करें।

## तेज आंच पर बिना तेल के गर्म करना

कई बार लोग लोहे की कड़ाही को तेज आंच पर बिना किसी तेल या पानी के गर्म कर देते हैं। इससे इसकी सतह जल सकती है और बर्तन जल्दी खराब हो सकता है। लोहे के बर्तन को बिना तेल के ज्यादा गर्म करने से इसमें दरारें पड़ सकती हैं और यह खाने को जलाने लगता है।

# घोड़े की मूर्ति का मुख घर में किस दिशा में रखनी चाहिए?



वास्तु शास्त्र में घर में रखी मुर्ति के लिए सही स्थान और दिशा के बारे में बताया गया है। अब ऐसे में घोड़े की मूर्ति के मुख घर की किस दिशा में रखना चाहिए। इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

## घर की किस दिशा में घोड़े की मूर्ति रखें?

घर की उत्तर दिशा में घोड़े की मूर्ति रखना शुभ माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि इस दिशा में घोड़े की मूर्ति रखने से जीवन में सकारात्मकता का संचार होता है और हंसी-खुशी का माहौल रहता है। इसके अलावा अगर किसी व्यक्ति के व्यापार में किसी तरह की कोई परेशानी आ रही है, तो दुकान या ऑफिस में उत्तर दिशा तरफ रखने से लाभ हो सकता है और सौभाग्य में भी वृद्धि होती है।

इसके अलावा आप घर की दक्षिण दिशा में घोड़े की मूर्ति रख सकते हैं। इस दिशा में मूर्ति रखने से मान-सम्मान में वृद्धि होती है और जीवन में चल रही समस्याओं से भी छुटकारा मिल सकता है।घर में घोड़े की मूर्ति रखने का महत्व क्या है?

घोड़े को गति, शक्ति और सफलता का प्रतीक माना जाता है। घर में घोड़े की मूर्ति रखने से सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है और नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है।

घोड़े की मूर्ति को धन और समृद्धि का प्रतीक भी माना जाता है। इसे उत्तर दिशा में रखने से विशेष रूप से धन लाभ होने की संभावना बढ़ती है। घोड़े की मूर्ति रखने से करियर में प्रगति होती है और सफलता मिलती है। आपको बता दें, घोड़े की मुद्रा खुश और दौड़ती हुई होनी चाहिए। घर में घोड़े की मूर्ति रखने से मानसिक शांति भी मिल सकती है।



# हाथों में दिख रहे इन संकेतों को न करें नजरअंदाज

अगर आपके हाथों में झुनझुनाहट है, पसीना आ रहा है, सूजन है तो इसे हल्के में ना लें। ये कई तरह की बीमारियों की तरफ इशारा करते हैं। कहते हैं हमारा चेहरा हमारी सेहत का हाल बताता है। लेकिन, सिर्फ चेहरा ही नहीं, हमारे हाथ भी स्वास्थ्य का आईना होते हैं। अगर आपके हाथ में कोई असामान्य लक्षण दिख रहे हैं,तो यह किसी स्वास्थ्य समस्या का संकेत हो सकता है। आज हम आपको इस आर्टिकल में हाथों में दिखने वाले कुछ ऐसे ही संकेत के बारे में जानकारी दे रहे हैं। इस बारे में हेल्थ एक्सपर्ट रामिता कौर ने जानकारी साझा की है।

**ठंडे हाथः** अगर आपके हाथ ठंडे रहते हैं, तो यह आयरन की कमी की तरफ इशारा करता है। हो सकता है कि आप एनीमिया से पीड़ित हों। ऐसे में आयरन युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करें जैसे, खजूर, हरी पत्तेदार सब्जियां, अंजीर, मोरिंगा, किशमिश। इसके साथ ही, आप आयरन के बेहतर अवशोषण के लिए विटामिन सी



लें, जिससे शरीर में आयरन का अवशोषण बेहतर हो सके।

**हाथों में पसीना आनाः** यह समस्या तब होती है जब शरीर की नसों के संकेत अधिक सक्रिय हो जाते हैं, जिससे अत्यधिक पसीना आता है। इसके लिए आप आप एप्पल साइडर विनेगर का इस्तेमाल करें। इससे त्वचा का पीएच संतुलित रहता है और पसीना कम आता है।


**हाथ और उंगलियों में सुन्नताः** अगर आपके हाथों में झनझनाहट या सुन्नता महसूस होती है, तो यह विटामिन बी12 की कमी का संकेत हो सकता है। विटामिन बी 12 के लिए आप फर्मेंटेड खाद्य पदार्थ जैसे डोसा इडली, एग योक का सेवन करें।

**हाथों में कंपनः** यह तनाव का संकेत देता है। अत्यधिक तनाव के कारण हाथों में कांपने की समस्या हो सकती है। इसके लिए आप रात को सोने से पहले अश्वगंधा चाय का सेवन करें। यह मानसिक शांति प्रदान करता है।

**शुष्क या फटी हुई त्वचाः** अगर आपकी हाथों की त्वचा बहुत ज्यादा रूखी हो रही है या फट रही है, तो यह एक्जिमा या सोरायसिस का संकेत हो सकता है। प्रभावित क्षेत्र पर ओटमील लगाएं और 10 से 15 मिनट बाद धो लें। इससे त्वचा में नमी बनी रहती है।

**सूजी हुई उंगलीः** यह गठिया का संकेत हो सकता है। इसमें जोड़ों में स्टिफनेस हो जाती है। इसके लिए आप 1 टीस्पून काले तिल को रातभर पानी में भिगोकर सुबह पानी पिएं और तिल को चबाएं। इससे जोड़ों की सूजन कम हो सकती है।













# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### बीबर की परफॉर्मेंस से चैपल के रेड कारपेट लुक तक, इस साल ग्रैमी में बहुत कुछ रहा खास



68वें ग्रैमी अवॉर्ड्स 2026 का आयोजन 1 फरवरी की रात (भारतीय समयानुसारः सोमवार सुबह) लॉस एंजिलस, कैलिफोर्निया के क्रिप्टो डॉट कॉम एरिना में किया गया। कार्यक्रम में लेडी गागा, जस्टिन बीबर, बिली एलिश और केंड्रिक लैमर जैसे दिग्गज कलाकारों ने शिरकत की। इस अवॉर्ड नाइट के होस्ट कॉमेडियन ट्रेवर नोआ रहे जिन्होंने कार्यक्रम की लगातार छठी बार मेजबानी की। ग्रैमी 2026 में लेडी गागा, ब्रूनो मार्स और जस्टिन बीबर समेत कई कलाकारों ने परफॉर्म भी किया। इवेंट की शुरुआत रेड कारपेट से हुई। यहां माईली सायरस, डोएची, सबरीना कारपेंटर और केरोल जी समेत कई सेलेब्स नजर आए। फिर भी सबसे ज्यादा चर्चा बटोर कर ले गईं, चैपल रोन। सिंगर चैपल ने शीयर बरगंडी हुडेड गाउन पहना था। बाद में उन्होंने इस ड्रेस का हुड ओपन किया और सेमी न्यूड नजर आईं। हालांकि, अवॉर्ड सेरेमनी में जब वो मंच पर आई तो उन्होंने दूसरे आउटफिट पहने हुए थे। चैपल के अलावा सिंगर सबरीना कारपेंटर और लेडी गागा के लुक ने भी खूब सुर्खियां बटोरी हैं। सिंगर सबरीना कारपेंटर ने सिल्वर कलर का गाउन पहना था। वहीं सिंगर लेडी गागा ने रेड कारपेट के लिए ब्लैक रेवेन गाउन लुक चुना। सिंगर ने इवेंट के लिए ब्लैक फैदर से बना गाउन चुना। इनके अलावा सिंगर जस्टिन बीबर और उनकी पत्नी हैली बीबर, माईली सायरस और केरोल जी भी रेड कारपेट पर चमकीं। इस साल इवेंट में कुल 15 परफॉर्मेंस हुईं। इनमें सबसे खास रही लेडी गागा, ब्रूनो मार्स और रोज व जस्टिन बीबर की परफॉर्मेंस।

## टॉलीवुड

### ईशा का आरोप; इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक कमेंट्स के जरिए किया गया परेशान



तेलुगु इंडस्ट्री की चर्चित अभिनेत्री ईशा रेब्बा ने हैदराबाद में बंजारा हिल्स पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया है कि एक अनजान व्यक्ति सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बार-बार आपत्तिजनक कमेंट्स करके उन्हें टारगेट कर रहा है। शख्स उनकी छवि खराब कर रहा है। उन्होंने संबंधित इंस्टाग्राम अकाउंट्स की डिटेल्स और आपत्तिजनक कमेंट्स के स्क्रीनशॉट भी जमा किए हैं। ईशा ने एक फिल्म प्रोजेक्ट के प्रमोशनल एक्टिविटीज के दौरान ऑनलाइन उत्पीड़न और दुर्व्यवहार के एक गंभीर मामले पर ध्यान दिलाने के लिए एक लेटर जमा किया है। उनका आरोप है कि प्रमोशन के दौरान, एक सोशल मीडिया अकाउंट से शख्स ने एक पब्लिक सोशल मीडिया पेज पर आपत्तिजनक और प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने वाली टिप्पणी की। कमेंट में इस्तेमाल की गई भाषा बहुत परेशान करने वाली, अपमानजनक है और मानसिक उत्पीड़न के बराबर है।

बंजारा पुलिस के मुताबिक, 'शिकायतकर्ता का कहना है कि ऐसा कंटेंट न सिर्फ एक महिला के तौर पर उनकी गरिमा को टारगेट करता है, बल्कि भावनात्मक रूप से भी परेशान करता है। यह सार्वजनिक अपमान करने वाली टिप्पणी है। इस घटना से उन्हें मानसिक रुप से काफी परेशानी हुई है'। ईशा ने पुलिस स्टेशन में इंस्टाग्राम पर उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। आपको बता दें कि ईशा रेब्बा एक चर्चित भारतीय अभिनेत्री हैं। वे मुख्य रूप से तेलुगु फिल्मों में काम करती हैं। उन्हें अंथाका मुंडू आ तरवाथा, बंदिपोटू, ओयी, अमी थुमी, दर्शाकुडू और अवे में अहम भूमिकाएं अदा कर दर्शकों के बीच पहचान बनाई है।

## बॉलीवुड

### डॉ. अम्बेडकर की पत्नी 'रमाई' का जीवन संघर्ष आज से दर्शक देखेंगे बड़े परदे पर




छत्तीसगढ़ में बनी नीतूराज फिल्म निर्मित हिंदी फिल्म 'रमाई' 6 फरवरी को छत्तीसगढ़ व महाराष्ट्र सहित देश भर के चुनिंदा थियेटरों में रिलीज हो रही है। संविधान के जनक कहे जाने वाले डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के जीवन संघर्ष में उनकी पत्नी 'रमाई' की भूमिका और उनके संघर्ष को इस फिल्म में उकेरा गया है। फिल्म के निर्माता और जगदलपुर निवासी कृष्ण चौहान ने बताया कि फिल्म में अपने चार-चार बच्चों का बलिदान करते हुए डॉ अंबेडकर को विदेश में जाकर 32 डिग्रियां और 9भाषाओं के ज्ञान प्राप्त करने में पूरी तरह साथ देने वाली उनकी पत्नी रमाई के संघर्ष और त्याग को दिखाया गया है। साथ ही बाबासाहेब के जीवन के कुछ ऐसे पहलुओं पर नजर डाला गया है जिसके बारे में शायद ही कोई जानता हो। यह बॉलीवुड की पहली हिंदी फिल्म है जिसकी पूरी शूटिंग दुर्ग, भिलाई, के आसपास क्षेत्रो में हुई है। सहायक निर्माता राजकुमार रामटेके ने बताया कि फिल्म में बाबा साहब अंबेडकर की मुख्य भूमिका में डॉक्टर उदय धाबर्डे और रमाई की भूमिका में प्रेरणा धाबर्डे है। वहीं इस फिल्म में छत्रपति शाहू महाराज की भूमिका में दिग्गज अभिनेता रजा मुराद हैं। इसी तरह ओमकार दास मानिकपुरी (नत्था) ने बड़े भाई आनंद की भूमिका निभाई है। इस फिल्म में मुंबई, इलाहाबाद, औरंगाबाद नागपुर गोंदिया और दुर्ग भिलाई के कलाकारों ने किरदार निभाया है। सहायक निर्माता राजकुमार रामटेके और डायरेक्टर कबीर दा द्वारा यह प्रयास किया गया कि छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय और स्थानीय कलाकारो को अभिनय का मौका देकर बॉलीवुड हिंदी फिल्मी दुनिया के मंच से जोड़ा जाए।

---

## मौसम का सामना

ठंड और माइनस टेम्परेचर का सामना करने के लिए खुली टांगों ने डिजाइनरों को इंस्पायर किया है। अब लंबे कपड़ों की जगह छोटे कपड़े ले रहे हैं, जिसमें कई तरह के शॉर्ट्स मिड-थाई या घुटने से ऊपर तक पहुँच रहे हैं। ड्राइस वैन नोटेन, लेमेयर और जैक्वेमस की तरह, जब सूरज की किरणें निकलती हैं तो ये कपड़े एकदम सही लगते हैं।




## चाहती हैं अट्रैक्टिव लुक तो स्टाइल करें ये डिजाइंस







हर प्रेमी जोड़े के लिए फरवरी का महीना काफी खास होता है। क्योंकि, इस महीने की 14 तारीख को वेलेंटाइन्स डे मनाया जाएगा इस दिन कपल अपने पार्टनर के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करते हैं ताकि उनके बीच ये प्यार यूं ही बना रहे। इस खास को यादगार बनाने के लिए कई कपल डिनर डेट का प्लान करते हैं। इस दिन जहां मेल पार्टनर काफी तैयारी भी करते हैं तो इसी के साथ फीमेल पार्टनर सी दिन स्टाइलिश लुक के बेस्ट ड्रेस अक चुनाव करती हैं। लेकिन, अगर इस खास मौके पर आप अट्रैक्टिव लुक चाहती हैं साथ ही भीड़ से अलग नजर आना चाहती हैं तो आप ये खूबसूरत डिजाइंस वाले ए-लाइन ड्रेसेस वियर कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस न्यू, स्टाइलिश साथ ही अट्रैक्टिव लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकती हैं। अगर आप कुछ भीड़ से अलग नजर आना चाहती हैं तो आप इस तरह की ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। यह ड्रेस डिनर डेट पर जाने के दौरान स्टाइल करने के लिए बेस्ट है और इस ड्रेस में आपका लुक सबसे अलग और अट्रैक्टिव नजर आएगा। इस तरह की प्रिंटेड ड्रेस आपको कई सारे डिजाइन ऑप्शन के साथ मिल जाएंगी जिसे आप 1,000 रूपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस ड्रेस के साथ आप हाथों में ब्रेसलेट या कंगन साथ ही झुमके वियर कर सकती हैं। इसी के साथ फुटवियर में स्टाइलिश हील्स वियर कर सकती हैं। आप वहीं बालों को आप खुला करके स्टाइल कर सकती हैं।

### ए-लाइन स्लीवलेस ड्रेस

ए-लाइन ड्रेस में आप इस तरह की लॉन्ग स्लीवलेस ड्रेस का भी चुनाव कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस डिनर डेट पर स्पेशल लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन है और इस ड्रेस में आपका लुक बेहद ही स्टाइलिश नजर आएगा। इस तरह की ड्रेस आपको कई सारे कलर और डिजाइन ऑप्शन के साथ मिल जाएगी और इस ड्रेस को आप 1,500 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस ड्रेस के साथ लॉन्ग इयररिंग्स साथ ही फुटवियर में हील्स या फ्लैट्स पहन सकती हैं। अगर आप कुछ न्यू ट्राई करना चाहती हैं तो आप इस तरह की ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं।

## गर्दन का कालापन हो सकता है दूर, नहाने से पहले गेहूं के आटे में इसे मिलाकर लगाएं

अगर आप गर्दन के कालेपन से परेशान हैं, तो गेहूं के आटे और हल्दी से बना उपाय आपकी त्वचा की रंगत निखार सकता है। इसके नियमित उपयोग से गर्दन साफ और चमकदार बन सकती है। साथ ही, अन्य प्राकृतिक उपायों को भी अपनाकर त्वचा की देखभाल की जा सकती है। दिन भर बाहर काम करने के बाद हमारी त्वचा में धूल और गंदगी जमा हो जाती है। चेहरे की गंदगी को आप शाम क फेस वॉश से साफ कर लेती हैं, लेकिन गर्दन में जमा मैल या गंदगी रोजाना साफ नहीं हो पाती।

गर्दन का कालापन एक आम समस्या है, जो कई कारणों से हो सकती है। धूल-मिट्टी, पसीना, हॉर्मोनल बदलाव, सही तरीके से सफाई न करना और सन एक्सपोजर इसके मुख्य कारण होते हैं।इससे त्वचा का रंग असमान हो जाता है, जिससे गर्दन काली दिखने लगती है। अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं और प्राकृतिक तरीके से इसे दूर करना चाहती हैं, तो नहाने से पहले गेहूं के आटे और हल्दी का पेस्ट लगाना एक बेहतरीन उपाय हो सकता है।



### गेहूं के आटे और हल्दी से गर्दन का कालापन दूर करें

गेहूं का आटा और हल्दी दोनों ही प्राकृतिक ब्लीचिंग एजेंट के रूप में काम करते हैं। इनका नियमित उपयोग त्वचा को चमकदार और साफ बनाने में मदद करता है।

गेहूं के आटे और हल्दी का पेस्ट बनाने की विधि

एक कटोरी में गेहूं का आटा और हल्दी पाउडर मिलाएं। इसमें गुलाब जल या दूध डालकर गाढ़ा पेस्ट बना लें।चाहें तो इसमें शहद भी मिला सकते हैं, जिससे त्वचा को नमी मिलेगी।


**कैसे लगाएं:** सबसे पहले गर्दन को हल्के गुनगुने पानी से साफ करें। तैयार पेस्ट को गर्दन पर लगाएं और हल्के हाथों से मसाज करें। इसे 15-20 मिनट तक सूखने दें। हल्के गीले हाथों से रगड़कर पेस्ट को निकालें और फिर पानी से धो लें। नहाने के बाद गर्दन पर मॉइश्चराइजर लगाएं।

गेहूं का आटा डेड स्किन सेल्स को हटाकर त्वचा को साफ करता है। हल्दी में मौजूद करक्यूमिन तत्व त्वचा को साफ और चमकदार बनाता है। यह मिश्रण एक्सफोलिएटर की तरह काम करता है, जिससे गंदगी और टैनिंग हट जाती है। इसमें मौजूद पोषक तत्व त्वचा को नमी प्रदान करते हैं।

## डार्क सर्कल की वजह से डल हो गया है चेहरा तो ये होममेड करें फॉलो

अगर डार्क सर्कल्स की वजह से आपका चेहरे की सुन्दरता कम हो गई हैं तो आप इस आर्टिकल में बताए गए होम मेड टिप्स को फॉलो कर सकती हैं। आँखों के नीचे होने वाली डार्क सर्कल्स की वजह से चेहरे की सुंदरता कम हो जाती है और आपका चेहरा डल नजर आने लगता है। डार्क सर्कल्स होने की वजह तनाव, स्क्रीन का ज्यादा समय बिताना हो सकता है। इसी के साथ गलत खानपान की वजह से भी डार्क सर्कल की समस्या पैदा होती है। वहीं डार्क सर्कल को कम करने और चेहरे की सुंदरता कायम रखने के लिए हम आपको कुछ होम होममेड टिप्स बता रहे हैं। जो डार्क सर्कल की समस्या को कम करने में उपयोगी साबित हो सकते हैं।

**गुलाब जलः** गुलाब जल कई सारे गुणो से भरपुर है। इसमें पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीसेप्टिक गुण त्वचा के लिए फायदेमंद है। ये सभी जहां स्किन से जुड़ी समस्या को कम करने में मददगार है तो वहीं ये चेहरे पर चमक लाने का काम भी करती हैं। वहीं गुलाब जल का इस्तेमाल करने से डार्क सर्कल की समस्या भी कम हो सकती है।



**इस तरह करें इस्तेमालः** गुलाब जल को कॉटन पैड में निकालें। उसके बाद इन्हें आँखों में रखें। इन्हें 10-15 मिनट तक रखें। ये उपाय हफ्ते में 2 से 3 दिन करें। ये काम रात को सोने से पहले करें।

**टी बैग्सः** डार्क सर्कल्स की समस्या को कम करने के आप टी बैग्स का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। टी बैग्स में एंटीऑक्सीडेंट्स समेत कई सारे गुण होते हैं जो त्वचा को स्वस्थ बनाने का काम करते हैं। वहीं डार्क सर्कल्स की समस्या को कम करने के लिए आप टी बैग्स उपयोगी है।

## आपके पैरों की खूबसूरती को बढ़ा देंगे बिछिया के खास डिजाइन

जब भी सुंदरता की बात आती है, तो कई सारे लोग सिर्फ अपने आउटफिट और मेकअप पर ध्यान देते हैं। लेकिन हर बार जरूरी नहीं कि आपकी खूबसूरती सिर्फ कपड़े और मेकअप से बढ़े। इसके लिए आपको पैरों की सुंदरता का भी ध्यान रखना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे आपका लुक अच्छा लगता है। इसके लिए आप अलग-अलग डिजाइन वाली बिछिया को खरीद सकती हैं। इससे आपके पैर अच्छे नजर आएंगे। आप पैरों की सुंदरता को बढ़ाने के लिए तीन स्टोन वाली बिछिया को वियर कर सकती हैं। इस तरह की बिछिया पहनने के बाद अच्छी लगेगी। साथ ही, इससे लुक भी अट्रैक्टिव नजर आएगा। इस तरह की बिछिया को पहनने के लिए आपको दोबारा सोचना भी नहीं पड़ेगा। ऐसा इसलिए क्योंकि ये छोटी होती है, तो ये ऑफिस में भी आप पहनकर जा सकती हैं। इससे आपकी उंगलियों को भी परेशानी नहीं होगी। इस तरह की बिछिया आपको चांदी में आसानी से मिल जाएगी।

### कर्व डिजाइन वाली बिछिया

पैरों में अगर आपको कुछ नया डिजाइन ट्राई करना है, तो इसके लिए आप कर्व डिजाइन वाली बिछिया को वियर कर सकती हैं। इस तरह की बिछिया पहनने के बाद अच्छी लगेगी। साथ ही, इससे आपका लुक भी अच्छा नजर आएगा। इस तरह की बिछिया में आपको आगे की तरफ स्टोन के साथ कर्व वाला डिजाइन मिलेगा। इससे आप बिछिया को उंगलियों में एडजेस्ट कर सकती हैं।



### सिंपल स्टोन डिजाइन बिछिया

आप पैरों के लिए सिंपल डिजाइन वाली स्टोन वर्क बिछिया ले सकती हैं। इस तरह की बिछिया भी पहनने के बाद अच्छी लगेगी। साथ ही, इससे आपके पैरों की रौनक दोगुनी हो जाएगी।

## कार्नर न्यूज

### इस मौसम में शानदार ड्रेसिंग सेंस के साथ अपनाइए बेस्ट फैशन

## चुभन वाली गर्मी के आने से पहले मेंस फैशन के लिए कुछ खास फैशन टिप्स, मिलेगा सुकून

सर्दियां अब जा रही है और चुभन वाली गर्मी अभी आई नहीं है। ऐसे मौसम में पुरुषों में फैशन का क्रेज पिछले कुछ सालों में काफी बढ़ गया है। जब आप अच्छे से तैयार होते हैं, तो इससे आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी हो सकती है। सही कपड़े पहनने से आप अपने आप को बेहतर महसूस करते हैं और इस आत्मविश्वास का असर आपके व्यवहार और बातचीत पर भी पड़ता है।

### हर मौके के लिए अलग स्टाइल

अच्छे कपड़े और फैशन का मतलब हमेशा स्टाइलिश दिखना नहीं होता। यह भी ज़रूरी है कि कपड़े आपके शरीर के प्रकार और फिट के अनुसार सही हों, ताकि आप ज्यादा आरामदायक और फिट महसूस कर सकें। एक इंटरव्यू, पार्टी या फिर रोज़मर्रा की ज़िंदगी के लिए अलग-अलग तरह के फैशन हो सकते हैं।

### आकर्षक लुक पाने के लिए रखें इन चीजों का ध्यान

पुरुष अक्सर खुद को स्टाइलिश और ट्रेंडी तरीके से रखने की कोशिश करते हैं। इसके बावजूद कभी-कभी मनचाहा लुक पाना मुश्किल हो सकता है। आकर्षक लुक पाने के लिए सही एक्सेसरीज का चयन करना बहुत ज़रूरी है। सनग्लास, वॉलेट और बेल्ट जैसी ज़रूरी चीज़ें, स्टाइलिश या स्मार्ट वॉच के साथ मिलकर पुरुषों के पहनावे को काफ़ी हद तक निखार सकती हैं।



सही शर्ट का चयन करना जरूरी

जब शर्ट की बात आती है तो विकल्प बहुत सारे हैं, जो विभिन्न अवसरों के लिए उपयुक्त हैं। पुरुष कैजुअल मैंडरिन कॉलर शर्ट, डेनिम स्लिम कैजुअल शर्ट, प्लेन फिट कैजुअल शर्ट, सॉलिड रेगुलर फिट कैजुअल शर्ट और नॉर्मल कॉटन शर्ट जैसी शर्ट की एक सीरीज से अपने हिसाब से चयन कर सकते हैं।

### ऐसे करें सही जूतों का चुनाव

जूतों का चुनाव किसी भी पहनावे को पूरा करने में अहम भूमिका निभाता है। काले जूते ऑफिश्यली मौकों के लिए एक क्लासिक विकल्प हैं और ऑफिस मीटिंग या इवेंट के लिए भी उतने ही अच्छे हैं। जो लोग अपने लुक में स्टाइल को जोड़ना चाहते हैं, उनके लिए रेड टेप फॉर्मल शूज़ एक फैशनेबल विकल्प है।

### सही कोट और पैंट कैसे चुने

कोट और पैंट में बेहतरीन लुक पाने के लिए पुरुष कई तरह के स्टाइल आजमा सकते हैं जैसे कि टाइप अप कोट, स्लिम फिट सिंगल-ब्रेस्टेड सूट, स्लिम फिट सूट और फुल शोल्डर डिज़ाइन वाले स्लिम कट 3डी कोट पैंट। इसके अलावा कैजुअल और स्लिम फिट ब्लेज़र उन लोगों के लिए बेहतरीन विकल्प हैं जो ज़्यादा आरामदायक लुक चाहते हैं।

